तापमान

अधिकतम 28.9 डिग्री

न्यूनतम 11.9 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, सोमवार 8 दिसंबर 2025


12 सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप.....



14 पहली बार सोना सालभर में 53 हजार रुपए...



## खबर संक्षेप



### बाइक चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला थाने की पुलिस ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दोपहिया जब्त की है। पुलिस के अनुसार, संदिग्धों की जांच की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से एक संदिग्ध हालत में सरोरा निवासी चुम्मन साहू के घूमने की जानकारी मिली। चुम्मन को पुलिस थाने लाकर पूछताछ की गई तो उसने बाइक चोरी करने का अपराध कबूल कर लिया।

### पुलिस की मदद से वापस मिला 5 लाख का ब्रेसलेट



**रायपुर।** गंज पुलिस ने एक महिला को रत्न जड़ित पांच लाख रुपए का सोने का गुम ब्रेसलेट ढूंढ़कर वापस लौटाने में मदद की। प्रीति लुणावत ने महिला डेस्क में शिकायत दर्ज कराई थी कि विगत 3 दिसंबर को स्टेशन के पास उसकी ननद रश्मि जैन का रेलवे स्टेशन के पास ब्रेसलेट खो गया है। पुलिस ने सीसीटीवी तथा ऑटो चालकों से पूछताछ के बाद एक ऑटो चालक के कब्जे से ब्रेसलेट बरामद कर महिला को वापस लौटाया। ऑटो वाले ने पुलिस को बताया कि रेलवे स्टेशन के बाहर लावारिस हालत में ब्रेसलेट मिलने पर उसने अपने पास रख लिया था।

### क्रेन ऑपरेटर से मारपीट, दो पर केस दर्ज

**रायपुर।** धरसींवा थाना में एक क्रेन ऑपरेटर ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कपसदा में फार्च्यून कंपनी के क्रेन ऑपरेटर प्रीतपाल ने उसी कंपनी में काम करने वाले रितुल तथा अमित के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। प्रीतपाल ने पुलिस को बताया कि रितुल तथा अमित शराब के नशे में कंपनी के सुपरवाइजर तथा इंजीनियर को गाली दे रहे थे। गाली देने से मना करने पर दोनों ने प्रीतपाल के साथ मारपीट की।

### बाड़े में शराब पीने से रोकने पर चौकीदार को पीटा

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक बाड़े के चौकीदार ने तीन लड़कों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वीआईपी रोड स्थित सिंघानिया बाड़ा के चौकीदार धनीराम कुमार ने राजा, राकेश तथा रोहित के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। धनीराम ने पुलिस को बताया कि तीनों लड़के बाड़े में जबरन शराब पीने घुसने की कोशिश कर रहे थे। मना करने पर तीनों बदमाशों ने धनीराम के साथ मारपीट की।

# पांच दिनों में रायपुर की 90 फ्लाइट रद्द, रविवार को भी आसमान रहा सूना, दर्जनभर उड़ानें रुकीं

*नियम शिथिल पर नहीं सुधरे हालात, कई की नौकरी दांव पर, कई शादियां अटकीं*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

विमानों के कैंसिल होने की वजह हवाई परिवहन व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। पिछले पांच दिनों में रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट आने वाली करीब 90 फ्लाइट कैंसिल हुई हैं, जिससे लगभग 12 हजार यात्रियों का सफर प्रभावित हुआ है। रविवार को दिल्ली, मुंबई सहित अन्य शहरों की कुल 12 फ्लाइट का संचालन नहीं हुआ। उड़ान को लेकर डीजीसीए द्वारा बनाए गए नियम शिथिल होने के बाद भी विमानों का संचालन सामान्य नहीं हो पाया है। फ्लाइट कैंसिल होने की वजह कइयों की नौकरी दांव पर लग गई, वहीं दूसरे शहरों में होने वाली शादियां भी अटक गई हैं। बुधवार से शुरू हुई यात्रियों की तकलीफ अब तक कम होती नहीं दिख रही है। विमानन कंपनी हालात में कुछ सुधार होने के दावे कर रही है, मगर विभिन्न एयरपोर्ट पर परेशान यात्रियों की भीड़ कुछ और ही हालात बयां कर रही है। रविवार को दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई से आने वाली 2-2 फ्लाइट का संचालन नहीं हुआ। इसके अलावा लखनऊ-रायपुर-भुवनेश्वर, चेन्नई-रायपुर-पुणे, हैदराबाद-रायपुर-हैदराबाद, कोलकाता-रायपुर-कोलकाता फ्लाइट का संचालन नहीं हुआ। इन विमानों के नहीं आने की वजह से दूर शहरों से रायपुर आने और यहां से अपनी यात्रा शुरू करने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। थोड़ी आस और थोड़े साहस के साथ विमानतल पहुंचने पर पता चला कि उनकी फ्लाइट रायपुर ही नहीं आई। निराश यात्री सिस्टम और विमानन कंपनी के काउंटर के सामने गुस्सा निकालने के बाद वापस लौट आए। रायपुर विमानतल में फ्लाइट की आवाजाही पिछले पांच दिन से प्रभावित है। यहां रोजाना विभिन्न शहरों से औसतन 30 एयरक्रॉफ्ट का आना-जाना होता है। एयर इंडिया की फ्लाइट का ऑपरेशन तो सामान्य है, मगर सर्वाधिक उड़ान भरने वाली इंडिगो के विमान प्रभावित हैं। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े कारोबारियों के मुताबिक, पांच दिनों में करीब 90 विमान का संचालन नहीं हुआ है और इसमें आवाजाही करने वाले करीब 12 हजार यात्रियों को निराशा हाथ लगी है।

### नहीं उड़ीं ये फ्लाइट

1. कोलकाता-रायपुर-कोलकाता- 139-669
2. बेंगलुरु-रायपुर-बेंगलुरु- 405-406, 978-979
3. हैदराबाद-रायपुर-हैदराबाद- 192-197
4. लखनऊ-रायपुर-भुवनेश्वर- 6521
5. भुवनेश्वर-रायपुर-लखनऊ- 6522
6. दिल्ली-रायपुर-दिल्ली-2120, 6690-2473
7. चेन्नई-रायपुर-पुणे- 6137-6895
8. पुणे-रायपुर-चेन्नई- 6905-6138
9. मुंबई-रायपुर-मुंबई- 649-6691, 6586-5049

■ तकलीफ का दौर जारी, वापस घर लौटने के इंतजार में कई दूसरे शहरों में अटके



### सुधार होने के हालात


ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एयरलाइंस कंपनी रद्द होने वाले विमानों की संख्या में कटौती कर रही है। शुरुआती दिनों में रायपुर से उड़ान भरने वाली इंडिगो की 90 फीसदी फ्लाइट कैंसिल हो रही थीं। अब इनकी संख्या कम हो गई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले तीन-चार दिनों में विमानों की आवाजाही सामान्य हो जाएगी। इंडिगो कंपनी द्वारा यात्रियों को होने वाली परेशानी के लिए खेद भी प्रकट किया जा रहा है।

### नई बुकिंग फिलहाल कम

विमानों की बिगड़ी चाल की वजह से इनके लिए होने वाली बुकिंग पर भी असर हुआ है। आने वाले दिनों में होने वाली छुट्टियों के दौरान टूर का प्रोग्राम बनाने वालों ने पैकेज के आधार पर टिकट बुक करना शुरू कर दिया। फ्लाइट कैंसिल होने का मामला सामने आने के बाद बुकिंग कराने वाले भी हालात सामान्य होने तक अपना प्रोग्राम स्थगित किए हुए हैं। अभी वैवाहिक सीजन होने की वजह से समस्या आने के पहले फ्लाइट पैक होकर चल रही थी।

## फ्लाइट रद्द होने का दबाव, दिल्ली-मुंबई मार्ग पर एसी से स्लीपर तक कोच फुल

देशभर में फ्लाइट की सुविधा प्रभावित होने का असर राजधानी में भी दिखाई दिया। रविवार को विभिन्न रूट की फ्लाइट के रद्द होने के बाद यात्रियों को रुझान ट्रेनों की ओर बढ़ा है। यही वजह रही कि दिल्ली, मुंबई जाने वाली समता, छत्तीसगढ़, समरसता, हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस जैसी नियमित ट्रेनों में भीड़ अधिक रही। शादी सीजन और शीतकालीन छुट्टी होने से यात्रियों की आवाजाही पहले से बढ़ी हुई है। इस बीच फ्लाइट के रद्द होने से यात्रियों का दबाव भी ट्रेनों पर बढ़ गया है। बता दें कि रेलवे ने रविवार को दिल्ली और मुंबई के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिली। रायपुर से 50 प्रतिशत से अधिक यात्रियों के साथ सफर किया। फ्लाइट के रद्द होने से दिल्ली के साथ-साथ जयपुर, राजस्थान, इंदौर, कोलकाता और विशाखापट्टनम के ज्यादातर यात्रियों ने सफर के लिए ट्रेन पकड़ी।



### स्लीपर कोच पैक, एक सीट पर तीन-चार यात्री

हाल ही में फ्लाइट रद्द होने का असर ट्रेनों में साफतौर पर देखने को मिल रहा है। दिल्ली और मुंबई की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। रविवार को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस के स्लीपर कोच पूरी तरह भरे रहे। कोच में एक सीट पर तीन से चार लोग सफर करते हुए देखे गए। वहीं एसी कोच में भी भीड़ कम नहीं थी। लौटने वाली ट्रेनों में भी यही स्थिति बनी रहने की संभावना है। यात्रियों का कहना है कि फ्लाइट रद्द होने के कारण ट्रेन ही एकमात्र विकल्प बचा है, जिसकी वजह से दबाव बढ़ा है।

### वलसाड के लिए 4-4 फेरे में साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

शीतकालीन मौसम में बढ़ती यात्रियों की भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बिलासपुर–वलसाड–बिलासपुर के मध्य 4-4 फेरे के लिए साप्ताहिक शीतकालीन स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन में पर्याप्त संख्या में सीटें भी उपलब्ध हैं। इस श्रृंखला के तहत गाड़ी संख्या 08243 बिलासपुर–वलसाड शीतकालीन स्पेशल 18 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक हर गुरुवार बिलासपुर से रवाना होगी। वहीं गाड़ी संख्या 08244 वलसाड–बिलासपुर ⏭ शेष पेज 13 पर

### *10 दिसंबर को मुंबई जाएगी स्पेशल ट्रेन*

*शीतकालीन छुट्टियों से पहले ही रायपुर से महानगर जाने वाली ट्रेनों में बुकिंग पूरी हो चुकी है। एक महीने पहले से दिल्ली, मुंबई, गुजरात समेत राजस्थान जाने वाली ट्रेनों के स्लीपर कोच में वेटिंग 100 के करीब पहुंच चुकी है। ऐसे में अब रेलवे ने जिन रूट में यात्रियों की आवाजाही शीलकालीन छुट्टियों में अधिक है, वहां स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। बिलासपुर–एलटीटी–बिलासपुर के बीच एक फेरा स्पेशल ट्रेन चलेगी। इस विशेष सेवा के तहत गाड़ी संख्या 08245 बिलासपुर–एलटीटी स्पेशल ट्रेन 10 दिसंबर को बिलासपुर से चलेगी, जबकि गाड़ी संख्या 08246 एलटीटी–बिलासपुर स्पेशल ट्रेन 12 दिसंबर 2025 को एलटीटी से रवाना होगी। दोनों दिशाओं में ट्रेन का वाणिज्यिक ठहराव रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, अकोला, भुसावल, मनमाड़, नासिक रोड, कल्याण, ठाणे और एलटीटी स्टेशनों पर रहेगा। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए गए हैं, जिसमें 2 एसएलआरडी, 5 सामान्य, 10 स्लीपर, 2 एसी-III और 1 एसी-II शामिल हैं।*

## पेट्रोल पंप में चोरी-लूट के आरोप में नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ एक आरोपी पूर्व में भी जा चुका है जेल

मुजगहन पुलिस ने दो अलग-अलग पेट्रोल पंपों में लूट तथा चोरी के आरोप में एक नाबालिग समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बदमाश पूर्व में भी चोरी तथा लूट के आरोप में जेल जा चुका है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से कैश, चोरी के माल तथा लूट में इस्तेमाल दो बाइक समेत कुल डेढ़ लाख रुपए जब्त किए हैं। अन्य चोरी तथा लूट के संबंध में पुलिस बदमाशों से पूछताछ कर रही है। चोरी तथा लूट के आरोप में पुलिस ने टिकरापारा निवासी कुणाल साहू, अनिमेष राठौर उर्फ अंशु, सेजबहार निवासी टोमन साहू उर्फ मोनू, ⏭ शेष पेज 13 पर

### पंप कर्मियों से चाकू की नोक पर लूट

बदमाशों ने एक अन्य मामले में 1 दिसंबर को मुजगहन स्थित मां शीतला फ्यूल्स पेट्रोल पंप के कर्मी जयप्रकाश निषाद तथा उसके दो अन्य साथियों से चाकू की नोक पर लूट की थी। जयप्रकाश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि घटना दिनांक को एक सोल्ड एक्टिवा पर चार लड़के ⏭ शेष पेज 13 पर

## 10 स्थानों पर आयकर जांच पूरी, पांच सौ करोड़ रुपए से ज्यादा कच्चे का लेन-देन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ आज छापे की कार्रवाई कंपलीट होने की उम्मीद

राजधानी रायपुर एवं रायगढ़ के एक परिसर सहित जिन 45 ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम ने गुरुवार को स्टील कारोबारियों के ठिकानों में छापे की कार्रवाई की थी, उनमें 10 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई कंपलीट हो चुकी है। आईटी टीम ने अलग-अलग कारोबारी समूह से जुड़े लोगों के यहां से तीन करोड़ रुपए सीज किए हैं। सूत्रों के मुताबिक, अलग-अलग कारोबारी समूह द्वारा पांच सौ करोड़ रुपए का कच्चे में लेन-देन करने के साक्ष्य मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक, सोमवार तक छापे की कार्रवाई कंपलीट होने की उम्मीद है। आईटी रिटर्न में गड़बड़ी तथा टैक्स चोरी की आशंका के चलते आयकर विभाग की टीम ने कारोबारी समूहों के ठिकानों की लंबे अरसे से निगरानी करने के बाद छापे की कार्रवाई की। आईटी की टीम ने जिस आशंका के चलते छापे की कार्रवाई की थी, वह आशंका पूरी तरह सही साबित हुई। सूत्रों के मुताबिक, जांच कंपलीट होने के बाद कच्चे में लेन-देन के आंकड़े और बढ़ सकते हैं। अलग-अलग ⏭ शेष पेज 13 पर

### लॉकर से मिले सस्पेक्टेड डाक्यूमेंट

अलग-अलग कारोबारी समूह के यहां से जो 18 लॉकर मिले हैं, उनमें से कुछ लॉकर को खोला गया है। आयकर अधिकारियों की टीम ने कितने लॉकर खोले हैं, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। बताया जा रहा है, जिन लॉकर को खोला गया, उनमें से एक लॉकर में सस्पेक्टेड डाक्यूमेंट मिले हैं। डाक्यूमेंट को आयकर अफसर अपने कब्जे में लेकर जांच कर रहे हैं।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद् LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढ़ाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहू पिता\पति तुकाराम साहू पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्सीपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्सीपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण** – 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुंठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुंठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुंठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुंठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुंठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुंठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढ़ी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण** – 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 585. सिलिबया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*


शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


बोतल में मांस जैसे चिपचिपी वस्तु मिलने की शिकायत

## देवपुरी हेल्थ सेंटर पहुंचा औषधि विभाग, एफडीए की टीम ने उठाए कैल्शियम सिरप के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्भवती महिला को पीने के लिए दिए गए कैल्शियम सिरप की बोतल में मांस जैसी चिपचिपी वस्तु होने के मामले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की एंट्री हो गई है। एफडीए की टीम ने रविवार को देवपुरी स्वास्थ्य केंद्र जाकर चिकित्सा स्टाफ की उपस्थिति में सिरप का सैंपल उठाया। बोतल के भीतर सिरप में तैर रहे कुछ अवशेष को देखकर घबराए दंपति उसे लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। देवपुरी स्थिति



शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को कमल विहार निवासी देविका साहू और उसके पति ने दी गई कैल्शियम की केलिसिड नामक सिरप में मांस जैसी कुछ चीज होने की आशंका जताई थी। चिकित्सकीय स्टाफ ने इस मामले को गंभीरता से लेते ⏭ शेष पेज 13 पर

### *...तो कैल्शियम घुलता नहीं*

*चिकित्सकों के मुताबिक, सिरप का साल्वेंट अगर अच्छा न हो तो कैल्शियम घुलता नहीं है। आमतौर पर सिरप में इस बात का जिक्र होता है कि उपयोग के पहले बोतल को अच्छी तरह से हिला लें...। इस मामले में भी संदेह है कि बोतल के भीतर सिरप में चिपचिपी नजर आने वाली वस्तु नहीं घुलने वाला कैल्शियम होगा। अभी ठंड के मौसम में सुरक्षित तरीके से नहीं रखने पर भी उनके जमने की आशंका अधिक होती है।*

# लोक सेवा पदोन्नति नियम में बदलाव, अब पांच साल का ब्योरा दिए बिना नहीं होगा प्रमोशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में शासकीय सेवकों को हर साल अपनी संपत्ति का ब्योरा देने का नियम है, लेकिन बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी यह ब्योरा देने से बचते हैं, या समय पर नहीं देते हैं, लेकिन इस मामले में संबंधित अधिकारी-कर्मचारी प्रमोशन के समय फंसते हैं, जब उन्हें इस वजह से प्रमोशन नहीं मिलता, क्योंकि उनकी संपत्ति का ब्योरा सरकार को अप्राप्त रहता है। इस पूरे मामले में अब राज्य सरकार ने एक नई व्यवस्था के तहत लोक सेवा पदोन्नति नियम-2003 में बड़ा बदलाव कर दिया है। अब अगर किसी अधिकारी-कर्मचारी का पांच साल का चल-अचल संपत्ति का ब्योरा नहीं होगा तो उसे डीपीसी की बैठक के बाद प्रमोशन नहीं मिलेगा।

- राज्य सरकार की नई व्यवस्था
- संबंधित अधिकारी कर्मचारी प्रमोशन के समय फंसते हैं, जब उन्हें इस वजह से प्रमोशन नहीं मिलता




### डीपीसी की बैठक में देखा जाता है संपत्ति का ब्योरा

*राज्य में शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों की पदोन्नित के लिए विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक होती है। प्रमोशन के लिए पात्र पाए गए कर्मियों के सेवाकाल से संबंधित और गोपनीय चरित्रावली के दस्तावेज देखे जाते हैं। इन दस्तावेज में संबंधित की संपत्ति का ब्योरा होना अनिवार्य है, लेकिन कई विभागों में अक्सर यह प्रक्रिया उस समय अपनाई जाती है, जब प्रमोशन का समय आ जाता है। नियम में बदलाव से अब यह नहीं हो सकेगा। डीपीसी की बैठक में ही अगर संपत्ति का पांच साल का ब्योरा नहीं होगा तो प्रमोशन नहीं होगा।*

### सरकार ने नियम में किया बदलाव

*राज्य सरकार ने लोक सेवा पदोन्नति नियम-2003 में बदलाव कर दिया है। अब नियम में यह जोड़ा गया है कि प्रशासकीय विभाग, विभागीय पदोन्नति समिति के समक्ष पदोन्नति के लिए विचाराधीन शासकीय सेवकों के विगत 5 वर्षों के अचल संपत्ति के वार्षिक विवरण प्राप्त या अप्राप्त होने की जानकारी प्रस्तुत करेगा। ऐसे शासकीय सेवक, जिनसे 5 वर्षों की अचल संपत्ति के पूर्ण वार्षिक विवरण प्राप्त नहीं हुए हों, के प्रकरण परिभ्रमण में विचाराधीन रखे जाएंगे तथा 5 वर्षों के पूर्ण विवरण प्राप्त हो जाने के पश्चात ही, विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा परिभ्रमण के माध्यम से संबंधित शासकीय सेवक की पदोन्नति पर विचार किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री से कुंभकार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय को आगामी जनवरी 2025 में रायपुर जिले के ग्राम नवागांव (कोलियारी) में आयोजित होने वाले प्रदेशस्तरीय महाधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। कुंभकार समाज की पारंपरिक कला, श्रमशीलता और सांस्कृतिक योगदान छत्तीसगढ़ की सामाजिक संरचना को समृद्ध बनाते हैं। राज्य सरकार सभी समाजों के विकास और सहभागिता के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में समाज के सलाहकार रतनलाल चक्रधारी, बीपी चक्रधर, प्रदेशाध्यक्ष नंदकुमार चक्रधारी, महामंत्री हेमलाल कौशिक, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश कुंभकार, दउवाराम चक्रधारी सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### नर्सिंग ऑफिसर एसो. की नई कार्यकारिणी



**रायपुर।** नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ संघ की की बैठक में सर्वसम्मति से नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया में डॉ. रीना राजपूत को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा प्रदेश सचिव नीलिमा शर्मा, महामंत्री रंजना सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष दीप्ति सिन्हा, दीपिका तिर्की, प्रदेश उप सचिव प्रज्ञा पिल्लै, नेहा राज पांडे, पूर्णिमा कोर्राम, अश्वनी राय, प्रदेश संगठन सचिव अन्नपूर्णा सिंह, वंदना एंथोनी, रीता एक्का, भावना ध्रुव, प्रदेश कोषाध्यक्ष अपर्णा विश्वास, उप कोषाध्यक्ष सुमन देवांगन, प्रदेश प्रवक्ता टिकेश्वरी साहू तथा कार्यकारिणी सदस्य अमृता नायर, दुर्गेश्वरी साहू, प्रवंचना सोनी, सारिका रामटेके, जया श्रीवास को चुना गया है। अध्यक्ष डॉ. रीना राजपूत ने बताया कि संघ का रजिस्ट्रेशन 4 जुलाई 2022 को हुआ था। इसके बाद तीन वर्ष पूर्व प्रथम प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया था। निर्धारित तीन वर्ष पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी के लिए निर्वाचन कराया गया। निर्वाचन अधिकारी के रूप में 3 संघों के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, पंकज पांडे एवं ऋतु परिहार को आमंत्रित किया गया।

### प्रदेश में अब तक 22 लाख मीट्रिक टन की खरीदी

# साढ़े 9 लाख टोकन जारी, अगले 11 दिनों में खरीदा जाएगा 45 लाख मीट्रिक टन धान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए टोकन की मारामारी के बीच किसानों के लिए ये एक अच्छी खबर है। राज्य में 22 दिसंबर तक 45 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी के लिए साढ़े 9 लाख टोकन जारी हो चुके हैं। जिन किसानों को ये टोकन मिले हैं, उनके लिए धान बेचने की राह आसान हो गई है। राज्य में धान खरीदी के सीजन में किसानों को धान बेचने के लिए परेशानियों की खबरों को सरकार ने भी गंभीरता से लिया है। यही कारण है कि अब किसानों को टोकन जारी करने में कोई देर न हो, यह कोशिश की जा रही है। प्रदेश में धान बेचने के लिए टोकन जारी करने की प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों है। 70 प्रतिशत टोकन ऑनलाइन और 30 प्रतिशत ऑफलाइन दिए जा रहे हैं। ऑनलाइन के लिए तुंहर टोकन एप के माध्यम से प्रक्रिया करनी पड़ती है, जबकि सोसाइटी से भी किसानों को टोकन दिए जा रहे हैं। दोनों माध्यमों से टोकन जारी होने पर किसानों को एक पर्ची मिलती है, जिसमें किसान और सोसाइटी के ब्योरे के साथ खरीदे जाने वाले धान की मात्रा भी लिखी होती है।

### अब तक 22 लाख मीट्रिक टन की खरीदी

राज्य में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने के बाद अब तक 22 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। अभी जो साढ़े 9 लाख टोकन जारी हुए हैं, उससे 22 दिसंबर तक 45 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी और हो जाएगी।



### कांग्रेस नेता बोले-भटक रहे किसान

*इधर, कांग्रेस का आरोप है कि राजधानी रायपुर के आसपास के खरीदी केंद्रों में किसानों का टोकन नहीं कट रहे हैं। दोंदेकला, टेकारी, बंगोली, मोहरेंगा, सारागांव, धरसींवा, कूंरा, सिलयारी, तुलसी और कचना समितियों के निरीक्षण में यह पाया गया कि किसानों ने टोकन नहीं कटने की शिकायत की है। वहीं समिति प्रबंधक लगातार खरीदी लिमिट बढ़ाने मांग करता रहा है। कही भी कोई सुनने को तैयार नहीं हैं। पूर्व जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा, विभिन्न समितियों में निरीक्षण में पाया गया कि किसान लगातार टोकन के लिए समितियों, चॉइस सेंटर में चक्कर काट रहे हैं। किसानों में इसे लेकर आक्रोश देखने को मिल रहा है। मामले में किसान आंदोलन करने बाध्य होंगे। उनकी इस समस्या में कांग्रेस पार्टी उनके साथ है। कांग्रेस ने किसानों की मांगों का समर्थन किया है।*

## सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप, कांग्रेस का प्रदर्शन

**रायपुर ।** कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर किसानों के साथ विश्वासघात का आरोप लगाते हुए रविवार को प्रदर्शन किया। नेताओं ने कहा,विश्वासघात की पराकाष्ठा बागबाहरा के सेनभाठा गांव में उस वक्त देखने को मिली, जब किसान मनबोध को टोकन न मिलने के कारण अपनी जान देने की नौबत आ गई। 21 क्विंटल धान खरीदने का वादा करके मात्र 15-16 क्विंटल ही खरीदा जा रहा है। टोकन के नाम पर ठगी हो रही है। पटवारी कार्यालयों में बैठकर मनमाने तरीके से गिरदावरी बनाई जा रही है। बिचौलिए मालामाल हो रहे हैं और किसान बर्बाद। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में इस अन्याय के खिलाफ रविवार को धान खरीदी केंद्र सोसाइटी उरला (बिरगांव) में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया।



**किसानों के साथ विश्वासघात : बंजारे**
कांग्रेस के रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, भाजपा सरकार ने किसानों को ठगने का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। टोकन नहीं, गिरदावरी में धांधली, सीमित खरीदी, यह सब किसानों के साथ खुला विश्वासघात है। उन्होंने कहा, किसान का हक कोई नहीं छीन सकता। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने कहा, किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहा है और सरकार मुंह छिपाए बैठी है। यह पुतला दहन सिर्फ प्रतीक नहीं, बल्कि किसानों के गुस्से की पहली चिंगारी है।

*__ये हुए शामिल__ : इस अवसर पर बिरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी, बिरगांव नगर निगम के सभापति कृपाराम निषाद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिव सिंह ठाकुर, महेंद्र, गुड्डू सेन, बाबा खान, मुकेश अविनाश, निहाल तिवारी, डॉ. अनुराम साहू, ईश्वर चक्रधारी, राजेंद्र साहू, सौमित्र शुक्ला, आकाश दीवान, हेमलाल नायक, वेंकट कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

### किसानों के लिए कांग्रेस लड़ेगी लड़ाई : विकास

*पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, 21 क्विंटल का वादा और 15-16 क्विंटल की खरीदी, यह धोखा नहीं तो और क्या है? कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ेगी। सभी साथियों ने एकजुट होकर किसानों के दुख-पीड़ा के लिए भाजपा सरकार का पुतला दहन कर शंखनाद किया। पंकज शर्मा ने कहा, रायपुर ग्रामीण में हर तरफ किसान आक्रोशित हैं। टोकन नहीं, धान नहीं बिक रहा, कर्ज बढ़ता जा रहा है।*

# सहकारी समिति के कर्मचारियों की बैठक, आंदोलन की कार्यवाही शून्य कराने आज सौंपेंगे मांगपत्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर हुई बैठक

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति के कर्मचारी और धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर अनिश्चितकालीन आंदोलन के दौरान की गई कार्यवाही शून्य कराने 8 दिसंबर को मांगपत्र सौंपेंगे। सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ और छत्तीसगढ़ धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर महासंघ की रविवार को नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रभावित कर्मचारी अपने-अपने संबंधित अधिकारी को कार्यवाही शून्य कराने पुनर्विचार के लिए आवेदन देंगे।

दरअसल छत्तीसगढ़ सहकारी समिति और धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ द्वारा अपने लंबित मांगों को लेकर 3 नवंबर से 19 दिन आंदोलन किया गया। चार सूत्रीय मांगों की पूर्ति के लिए शासन-प्रशासन से सकारात्मक पहल के आश्वासन और किसानों के धान खरीदी कार्यों को देखते हुए प्रदेश संगठन ने आंदोलन स्थगित कर दिया, पर आंदोलन के दौरान प्रदेश के करीब 73 कर्मचारियों पर अलग-अलग कार्यवाही की गई, जिसमें कुछ लोगों की बर्खास्तगी भी की गई। दुर्ग, खैरागढ़, राजनंदगांव, गरियाबंद, कवर्धा, बालोद, बेमेतरा, बलौदाबाजार, कोरिया सहित कई जिलों में कर्मचारियों की कार्यवाही शून्य कर सांवेतनिक वेतन प्रदान कर बहाली कर दी गई है, परंतु कुछ जिलों में अभी तक ऐसा नहीं हो पाया है। ऐसे में महासंघ ने आंदोलन के दौरान कर्मचारियों पर की गई कार्रवाई को शून्य करने की मांग की है।

### बैठक में ये शामिल

रविवार को तूता धरनास्थल पर हुई बैठक में प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामलाल साहू गरियाबंद, प्रमोद यादव जिला अध्यक्ष गरियाबंद, विजय कोसरे जिला अध्यक्ष महासमुंद, ऋषिकांत मोहरे प्रदेश अध्यक्ष ऑपरेटर संघ, संतोष साहू प्रदेश संरक्षक ऑपरेटर संघ बालोद, रामकुमार वर्मा रायपुर, वीरेंद्र साहू बलौदा बाजार, जयराम वर्मा रायपुर, कौशल साहू महासमुंद, घनश्याम महासमुंद, वेदप्रकाश वैष्णव कोरबा, दिनेश चंद्राकर गरियाबंद, भानू साहू गरियाबंद, थानेश्वर देवांगन धमतरी, देवेंद्र साहू धमतरी, खिलेश्वर चंद्राकर धमतरी, कोमल प्रसाद पांडे बेमेतरा, उमाकांत मिश्रा, सत्यनारायण साहू, राजेश प्रधान, तोरे सिन्हा महासमुंद, लाखन सिंह, भूराव राम सिंह बालोद, मूलचंद साहू विक्रेता, नरेंद्र कुमार साहू प्रदेश अध्यक्ष धमतरी सहित अन्य जिलों के पदाधिकारी और प्रभावित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गाइडलाइन दरों की वापसी पर तुरंत निर्णय ले राज्य सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



**प्रदेशभर में रजिस्ट्री में 90 प्रतिशत तक की कमी : सुशील**

गाइडलाइन दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि पर राज्य सरकार द्वारा कोई फैसला नहीं लेना जनता पर अत्याचार है। प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, गाइडलाइन की दरें जिस प्रकार से बढ़ाई गई हैं, उससे जनता सरकार के खिलाफ है। बिना किसी सलाह मशवरे, बिना सुझाव, बिना दावा-आपत्ति के अचानक जमीनों की गाइडलाइन दरें कई गुना बढ़ा दी गईं। प्रदेश की जनता इसके विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रही है।

राज्य सरकार अपनी गलत नीतियों के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों को कुचलने के लिए बर्बरता पर उतर आई है, महिलाओं और कारोबारियों पर लाठी-डंडे चलाकर उन्हें जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा, सत्ता के अहंकार में भारतीय जनता पार्टी के नेता जमीन कारोबारीयों को अपराधी के तौर पर प्रस्तुत कर रहे हैं। किसानों, गरीब मध्यमवर्गीय परिवारों के द्वारा भूखंड खरीदने वालों को भ्रष्टाचारी बता रहे हैं। रोजी, रोजगार, नौकरी तो यह सरकार दे नहीं पा रही, यदि कोई व्यक्ति जमीन के कारोबार से अपना परिवार पाल रहा है तो इस सरकार में वह अपराधी हो गया? सरकार लोगों को अनुचित विकल्प के लिए मजबूर कर रही है। पूरे प्रदेश में औसत प्रतिदिन रजिस्ट्री की संख्या में 90 प्रतिशत तक कमी आई है।

लोग पॉवर, मुख्तारनामा, गिफ्ट डीड बनाने लगे हैं। बाजार भाव से कई गुना अधिक गाइडलाइन दर होने से फाइनेंस फ्रॉड, अधिक लोन लेकर डिफॉल्ट करने की संभावना भी बढ़ गई है। कांग्रेस ने मांग की है कि यह सरकार गाइडलाइन दर को लेकर अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे और अनुचित वृद्धि वापस ले।

# बार-बार टेंडर, नहीं बिकीं नगर निगम की 178 दुकानें, एक बार फिर बुलाई निविदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रायपुर नगर निगम के बाजार विभाग ने शहर के अलग-अलग लोकेशन पर स्थित 178 रिक्त दुकानों के आवंटन के लिए 29 दिसंबर तक निविदा मंगाई है। जिसमें मालवीय रोड स्थित जवाहर बाजार के 13 हॉल, 10 करोड़ की लागत से नवनिर्मित तिमंजिला शास्त्री बाजार व्यवसायिक परिसर की 84 दुकानें, मोहबा बाजार की 14, गांधी मैदान कांजी हाउस की 55 दुकानें, अग्रसेन मंगलम के बाजू की 8 दुकानें इसमें शामिल है। इसमें जवाहर बाजार के दर्जन भर से ज्यादा बड़े हॉल के लिए 13 वीं बार टेंडर करने की नौबत आई है। इसी तरह शास्त्री बाजार व्यवसायिक परिसर की 84 नई दुकानों के आवंटन के लिए चौथी बार निविदा बुलाई गई है। 31 दिसंबर को दोपहर 2 बजे गांधी सदन स्थित बाजार विभाग में यह निविदा खोली जाएगी।



### 10 करोड़ की लागत से बना तिमंजिला शास्त्री बाजार, 84 दुकानें खाली

*रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 10 करोड़ की लागत से तीन मंजिला शास्त्री बाजार व्यवसायिक परिसर का निर्माण कराया गया है। जहां प्रत्येक तल में 21 दुकानें बनाई गई है। पार्किंग की सुविधा से युक्त नवनिर्मित शास्त्री बाजार की दुकानें तीन बार ऑनलाइन निविदा निकालने के बाद भी उठ नहीं पाई। इसके चलते नगर निगम के बाजार विभाग को इन दुकानों के लिए चौथी बार निविदा मंगानी पड़ी। नवनिर्मित हाइटेक बाजार में अंडरग्राउंड नाली, प्रकाश की समुचित व्यवस्था और पेयजल सुविधा सहित अलग से सार्वजनिक प्रसाधन की सुविधा दी गई है।*

### जवाहर बाजार के 13 हॉल 6 साल से खाली निगम को 15 करोड़ का नुकसान

शहर के मालवीय रोड स्थित जवाहर बाजार के दर्जन भर से ज्यादा नए हॉल 6 साल से खाली पड़े हैं। इससे नगर निगम को 15 करोड़ का नुकसान हुआ है। 25 फीसदी प्रीमियम की राशि इसके कारण डंप हो गई है। 13 वीं बार निविदा के बाद भी प्रापर रिस्पांस नहीं मिलने से यह स्थिति बनी है। महंगे हॉल की बेस प्राइज 1.25 करोड़ के आसपास रखी गई है। आवंटन स्वीकृत होने पर 2 फीसदी किराया भी नगरनिगम को मिलता। 30 साल की लीज पर 1400 वर्गफीट से लेकर 2600 वर्गफीट के हॉल बड़े प्रतिष्ठानों के शोरूम या अन्य व्यसायिक प्रयोजन के उद्देश्य से बनाए गए हैं, जो कि आरक्षण रोस्टर बेस आवंटित किए जाएंगे। इनमें 6 हॉल अनारक्षित, 3 अन्य पिछड़ा वर्ग, 2 अनुसूचित जाति और 2 हॉल अनुसूचित जनजाति, 1 हॉल विधवा परित्यक्ता के लिए आरक्षित है।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला - रायपुर छ.ग.

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक- 01/12/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम दतरेंगा प.ह.न.-84 रा.नि. मं-रायपुर- 18 तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में आवेदक श्री कृष्ण कुमार पिता गणेश राम निवासी दतरेंगा रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 111/3 रकबा 0.2381 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- /क/ वाचक/ तहसीलदार/2025 रायपुर दिनांकः- 17/05/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांकः- 12/12/2025 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/ आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18 कांदुल

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला-रायपुर छ.ग.

- आम सूचना -

जारी दिनांकः- 01/12/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-दतरेंगा प.ह.न.-84 रा.नि.मं-रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में आवेदक विजय लक्ष्मी गंजीर पिता स्व. सूरज बली साहू निवासी लोहरमी जिला धमतरी छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर. 215/9 रकबा 0.4050 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./क/वाचक / तहसीलदार/2025 रायपुर दिनांकः 25/06/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांकः 12/12/2025 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें। राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18, कांदुल

# अब प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य बनाने की कवायद, मोर्चा कार्यकारिणी भी जल्द

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन का विस्तार प्रारंभ हो गया है। विधानसभाओं के साथ ही जिलों के प्रभारी, प्रकोष्ठ के संयोजक और सह संयोजक बना दिए गए हैं। अब बारी सबसे अहम कार्यसमिति सदस्य बनाने की है। इसी के साथ सभी मोर्चा की कार्यकारिणी का ऐलान भी करना है। इसके लिए सभी मोर्चा के अध्यक्ष जुट भी गए हैं।

प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी का 13 अगस्त को ऐलान किया गया था। इसमें बड़ा बदलाव किया गया है। डेढ़ दर्जन से ज्यादा नए चेहरों को इसमें रखा गया है। इसके पीछे का कारण यह है कि पुराने पदाधिकारियों को नए पद मिल चुके हैं। ऐसे में इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। अब कार्यकारिणी के बाद सबसे अहम कार्यसमिति के सदस्य बनाने का काम करना है। इसका ऐलान अब तक नहीं हो सका है। अब इसको लेकर भी कवायद प्रारंभ की गई है।




*__मोर्चा की भी कार्यकारिणी बनाने पर फोकस__ : संगठन के विस्तार में सबसे बड़ा फोकस संगठन के सात मोर्चों की कार्यकारिणी पर है। मोर्चों में सबसे अहम भाजयुमो, महिला मोर्चा और किसान मोर्चा को माना जाता है। इसी के साथ बाकी के चार मोर्चा भी महत्वपूर्ण हैं। सभी के अध्यक्षों के साथ क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश के संगठन के महामंत्री पवन साय की बैठक हो चुकी है। सभी से जल्द से जल्द अपनी कार्यकारिणी बनाने के लिए कहा गया है। ज्यादातर कार्यकारिणी का ऐलान इस माह करना है।*

### कार्यसमिति में भी फेरबदल की कवायद

*इस समय भाजपा की जो कार्यसमिति है, उसमें कई नाम ऐसे हैं जिनको जहां दूसरे पद मिल गए हैं, वहीं जिन पुराने सांसदों को कार्यसमिति में रखा गया था, अब वे सांसद नहीं हैं। हालांकि इनमें से अब कुछ विधायक बन गए हैं। पुराने सदस्यों में जो सांसद थे, उसमें संतोष पांडेय और विजय बघेल तो अब भी सांसद हैं, लेकिन सुनील सोनी, गोमती साय और रेणुका सिंह इस समय सांसद नहीं हैं, लेकिन विधायक जरूर हैं। इनको सदस्य के रूप में रखा जा सकता है, लेकिन इसका फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछकर ही होगा। मोहन मंडावी, गुहाराम अजगले, चुन्नीलाल साहू इस समय सांसद नहीं हैं। इसी तरह से रणविजय सिंह जूदेव भी इस समय राज्यसभा सदस्य नहीं हैं। इसी तरह से अशोक बजाज इस समय कार्यालय मंत्री बन गए हैं। संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव नान के अध्यक्ष बन गए हैं। अन्य पद पाने वालों में जो नाम शामिल हैं, उनमें पूजा विधानी और मीनल चौबे महापौर बन गई हैं। कुल मिलकर यह तय है कि कार्यसमिति में कई चेहरे बदले जाएंगे।*



## खबर संक्षेप

### गुरु दर्शन मेले के लिए आज होगी बैठक

**मंदिर हसौद।** राजधानी रायपुर के पास स्थित बारा डेरा गुरु अमर दास दर्शन मेला जो की 3 जनवरी से आयोजित होने वाले छरछेरा पुन्नी में मेला जो हर वर्ष लगने वाले 3 दिवसीय गुरू दर्शन मेला को लेकर 8 दिसंबर को 2 बजे गुरुद्वारा परिसर में गुरु अमर दास संत संघ समिति द्वारा मेला आयोजन को लेकर बैठक रखा गया है। जिसमें मेला पंथी मंगल भजन सांस्कृतिक कार्यक्रम अन्य विषय पर चर्चा किया जाएगा। वही मेला समिति के अध्यक्ष नारायण प्रसाद कुर्रे ने संत समाज को बैठक में सम्मिलित होने की अपील किया।

### बकतरा सचिव पर हमला, पूर्व सरपंच पर मामला दर्ज

**चंदखुरी।** आरंग जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बकतरा में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां के सचिव भगवान दास खुटे पर पूर्व उपसरपंच श्री सुरेश चतुर्वेदी द्वारा मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। घटना 4 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 12:45 बजे पंचायत भवन में हुई, जब सचिव अपने कार्यालयीन कार्य में व्यस्त थे। इस मामले में मंदिर हसौद पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की गई है, लेकिन अभी तक आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे सचिव संघ में गहरा आक्रोश है। जानकारी के अनुसार, विवाद पूर्व कार्यकाल के दो निर्माण कार्यों से जुड़ा है। घटना के समय पंचायत भवन में एसआईआर का कार्य चल रहा था। मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सुमित्रा धीवर, सहायक शिक्षक श्रीमती नीतु गुप्ता और गांव के अन्य लोग उपस्थित थे, जिन्होंने घटना को देखा। सरपंच प्रतिनिधि और सचिव ने तुरंत मंदिर हसौद पुलिस थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी सुरेश चतुर्वेदी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 115(2), 351(2), 132 और 221 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है और विवेचना जारी है।

## निधन

### डॉ सुनील वर्मा



**आरंग।** ग्राम मुनगी निवासी डॉ सुनील वर्मा का 52 वर्ष की अल्पायु में रविवार कोआकस्मिक निधन हो गया। वे शंकर लाल वर्मा गुरुजी एवं सरोजनी वर्मा के पुत्र, मीना वर्मा के पति, वे गायत्री प्रज्ञा पीठ मंदिर हसौद हरिराम आडिल के भतीजे अनिल किशोर, रूपेंद्र, कृष्णा के भाई एवं हर्ष वर्मा एवं नितिन वर्मा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम मुनगी में हुआ।

### आनंद चंद्राकर



**आरंग।** ग्राम खौली (टेकारी) निवासी साफ्टवेयर इंजीनियर 49 वर्षीय आनंद चंद्राकर का आकस्मिक निधन हो गया। वह शिवकुमार चंद्राकर के पुत्र, मंजुला चंद्राकर के पति, कनिष्क व आर्यन के पिता तथा खौली के पूर्व सरपंच नारायण चंद्राकर के दामाद थे। अंतिम संस्कार रविवार को पूर्वाह्न खौली स्थित मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


# लोरिकगढ़ रीवा में मिले 36 मीटर वृत्ताकार प्राचीन स्तूप से खुलेंगी इतिहास की नई परत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत एक बार फिर चर्चा में है। लोरिक नगर, रीवा स्थित प्राचीन गढ़ में चल रहे उत्खनन के दौरान 36 मीटर व्यास का विशाल वृत्ताकार मृदा स्तूप प्राप्त हुआ है, जो प्रदेश में अब तक मिले स्तूपों में अत्यंत दुर्लभ और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मिट्टी से पूर्णतः निर्मित इस स्तूप की आधार संरचना 18 मीटर क्षेत्र में पकी ईंटों से बनी वर्गाकार दीवारों से घिरी है। ऊपरी भाग में 2.25 मीटर ऊँचाई पर वेदिका, तथा उसके चारों ओर प्रमाण स्वरूप 3 मीटर परिधि में ईंटों की पचरी निर्मित पाई गई है। स्तरीकरण अध्ययन में कुल नौ विशिष्ट परतें—भूरी, पीली, काली, मिश्रित मुरुम, राख, कठोर मुरुम, क्ले, शुद्ध पीली मिट्टी और कंकरीली पत्थरीली परतें—मिली हैं, जो निर्माण के उन्नत कौशल और उस युग की सांस्कृतिक सूझ-बूझ को स्पष्ट दर्शाती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, निर्माण शैली के आधार पर यह स्तूप द्वितीय सदी ईसा पूर्व का प्रतीत होता है, जो यहां बौद्ध परंपरा एवं प्राचीन बसाहट के महत्वपूर्ण प्रमाण प्रस्तुत करता है।

उत्खनन के दौरान गढ़ क्षेत्र से समय-समय पर प्राप्त हो रहे सिक्के, मूर्तिकला के अवशेष, पुरातन पात्र, मनकों के टुकड़े, मिट्टी के बर्तनों के खंड, लोहे-तांबे के औजार, आभूषणों के अवशेष एवं सभ्यता के विविध चिन्ह इस ऐतिहासिक स्थल की समृद्धि को प्रमाणित करते हैं।

## बौद्ध परंपरा एवं प्राचीन बसाहट के महत्वपूर्ण जानकारी



### भावी पीढ़ियों को मिलेगी इतिहास की जानकारी

इन मूल्यवान धरोहरों को सुरक्षित संरक्षण तथा भावी पीढ़ियों तक ज्ञान के स्वरूप में पहुँचाने के लिए विशेषज्ञों ने स्थानीय स्तर पर एक सुव्यवस्थित संग्रहालय (म्यूजियम) स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।मानव इतिहास, पुरास्थल और उत्खनन-आधारित शिक्षण के दृष्टिकोण से यह क्षेत्र अत्यंत संपन्न है, लेकिन संग्रहण व प्रदर्शन की उचित व्यवस्था न होने से अनेक महत्वपूर्ण वस्तुएँ उचित संरक्षण से वंचित रह जाती हैं। यदि गढ़ परिसर में ही स्थायी संग्रहालय का निर्माण किया जाता है, तो न केवल प्राचीन सभ्यता के इन दुर्लभ अवशेषों को सुरक्षित रखा जा सकेगा, बल्कि यह स्थान पुरातात्विक शोध, सांस्कृतिक पर्यटन, शैक्षणिक भ्रमण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा देगा।लोरिक नगर गढ़ रीवा का यह उत्खनन छत्तीसगढ़ के प्राचीन इतिहास, बौद्ध संस्कृति और जनजीवन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर नए अध्याय खोल रहा है। अब जरूरत है कि इस बहुमूल्य विरासत को संरक्षित रखने के लिए सरकारी और स्थानीय स्तर पर पहल हो, ताकि यह धरोहर आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान, गौरव और प्रेरणा का स्रोत बन सके।

## रायपुर, दुर्ग, धमतरी के बाद नए कंज्यूमर का केंद्र बना बलौदाबाजार

# शहर का पश्चिमी हिस्सा बना ड्रग पैडलरों का सुरक्षित ठिकाना, पखवाड़ेभर में 10 मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के पश्चिम के थाना क्षेत्र सरस्वती नगर, कबीर नगर, आमानाका तथा डीडीनगर थाना क्षेत्र गांजा के छोड़ अन्य प्रतिबंधित सूखा नशा हेरोईन चिट्टा, डोडा चूरा तथा ब्राउन शुगर खरीदी बिक्री करने का सुरक्षित ठिकाना बन गया है। इसके पूर्व कोतवाली, टिकरापारा थाना क्षेत्र ड्रग पैडलरों का सुरक्षित ठिकाना था। इन दोनों थाना क्षेत्र में कार्रवाई तेज होने के बाद ड्रग पैडलर एक बार फिर से शहर के पश्चिमी इलाके की तरफ शिफ्ट हो गए। पुलिस ने पखवाड़ेभर के भीतर ड्रग की अवैध खरीदी-बिक्री के जितने मामले दर्ज किए हैं, वे सभी पश्चिमी थाना क्षेत्र के इलाके हैं।

पुलिस ने शनिवार को जिन चार नए ड्रग नेटवर्क का खुलासा किया है, उन चारों का कनेक्शन रायपुर पश्चिम के इलाके से रहा है। हालांकि पकड़े गए ड्रग पैडलर राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं।

## कुरियर ब्वॉय की सही तरीके से पहचान नहीं होने से बढ़ रहा कारोबार


पैडलरों के कब्जे से पुलिस ने 80 लाख रुपए कीमत का हेरोईन चिट्टा जब्त किया

हेरोईन चिट्टा के कारोबार से जुड़े 79 पैडलर को पुलिस कर चुकी है गिरफ्तार

ड्रग नेटवर्क के चार गैंग पुलिस के हत्थे चढ़े, नौ पैडलर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सात प्रकरण में 79 पैडलर गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपी

कमलेश अरोड़ा उर्फ लाली

### कार्रवाई नहीं होने से नहीं टूट रहा लिंक

अगस्त में पुलिस ने टिकरापारा, कोतवाली थाना क्षेत्र में जिन बड़े ड्रग नेटवर्क का खुलासा किया था। उन मामलों में पुलिस ने ड्रग कंज्यूम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का दावा किया था। मामला शांत होने के बाद पुलिस ने ड्रग कंज्यूम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की।

### पैडलर पंजाब जाकर ला रहे ड्रग

ड्रग कंज्यूम करने वालों को पंजाब में कहां से और किन लोगों से ड्रग मिलता है, इसे लेकर वे भली-भांति परिचित हो गए हैं। ड्रग कंज्यूम करने से पैडलर बने तस्कर किसी मीडिएटर के बजाय पंजाब के ड्रग पैडलरों से संपर्क कर रहे हैं।

### फॉरवर्ड, लिंकेज पंजाब से जुड़ा

पूर्व की तरह इस बार भी ड्रग तस्करी करने के आरोप में जो पकड़े गए हैं, उन सभी का संबंध पंजाब के ड्रग डीलरों के साथ था। पकड़े गए आरोपियों ने पंजाब के ड्रग डीलरों के साथ संपर्क होने की बात कबूल भी की है। इससे साबित होता है कि ड्रग का फारवर्ड, लिंकेज पंजाब है। ऐसे में पुलिस को स्थानीय ड्रग रैकेट के खिलाफ कार्रवाई के साथ पंजाब के ड्रग डीलरों के खिलाफ नकेस कसने की जरूरत है।

### कंज्यूमर को बना रहे पैडलर

पूर्व में ड्रग नेक्सस से जुड़े प्रमुख लोगों की गिरफ्तारी होने के बाद ड्रग रैकेट संचालित करने वाले ड्रग कंज्यूम करने वाले एडिक्ट को ड्रग खपाने भाईरी मुनाफा मिलने का झांसा देकर पैडलर बना रहे हैं।

# राज्यस्तरीय सुआ नृत्य स्पर्धा में मनमोहक प्रस्तुतियों की धूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

नया राजधानी के पास स्थित मंदिर हसौद नगर पालिका परिषद में 6 दिसंबर को श्री मनोकामना सुवा नृत्य उत्सव समिति द्वारा एकदिवसीय सुवा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन शास्त्री चौक गायत्री मंदिर नगर पालिका मंदिर हसौद रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि गोपाल चतुर्वेदी नगर पालिका अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश यादव उपाध्यक्ष नगर पालिका मंदिर हसौद शोभित साहू जी पी निषाद अजय सिंहा अविनाश अग्रवाल गोवर्धन सिंहा बिरजू ध्रुव कार्यक्रम संचालक एवं उद्घोषक त्रिलोचन साहू ने किया । जहां संध्या 6:00 बजे आयोजक समिति द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। जहां राज्य स्तरीय भव्य सुआ नृत्य प्रतियोगिता में प्रदेश के कई जिलों से 19टोली पहुंचे जहां कलाकारो की टोली अपने प्रस्तुति देने पहुंचे जहां विभिन्न कलाकारों द्वारा अपने साज संगीत के साथ कलाकारों ने अपने मनमोहक प्रस्तुति दिए जोकी 6 दिसंबर संध्या 6 बजे से लेकर 7 दिसंबर शाम 4:00 बजे तक कार्यक्रम लगातार जारी रहा जहां नगरवासियों ने कार्यक्रम की खूब आनंद लिए ।

निर्णायक गण अनिल सिंह गोवर्धन साहू पंकज ध्रुव राधेश्याम पटेल नंदकमार पटेल रामकुमार सिन्हा।

आयोजक समिति त्रिलोचन साहू संचालक ,ओमप्रकाश सिंह गजाधर वर्मा संरक्षक , निर्देश सिंहा अध्यक्ष, गिरवर ध्रुव उपाध्यक्ष नरेन्द्र ध्रुव सचिव, उमाशंकर वर्मा कोषाध्यक्ष, शंकर साहू अजय ध्रुव सह सचिव व अन्य सदस्यों और नगर वासियों का सहयोग रहा।

# शिक्षार्थी आंकलन महापरीक्षा 80 साल के बुजुर्ग दंपती ने दी




हरीभूमि न्यूज़ ▶▶| तिल्दा नेवरा

कलेक्टर रायपुर के मार्गदर्शन नेतृत्व में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, रायपुर के तत्वाधान में राज्यव्यापी शिक्षार्थी आंकलन महापरीक्षा अभियान का आयोजन रविवार को किया गया. इस अभियान के तहत विकास खंड तिलदा में कुल 89 परीक्षा केंद्रों में आयोजन किया गया. जिसमें 930 महिला एवं 186 पुरुष कुल 1116 आसाक्षर ने परीक्षा में भाग लिया

पूर्व निर्धारित समय अनुसार सुबह 10 बजे से शाम 05: बजे तक चले आंकलन महापरीक्षा मे ग्रामीण इलाको में चल रही धान कटाई के बावजूद भी ग्रामीणों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता दिखाते हुए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया..नकटी बिश्रामपुर परीक्षा केंद्र में 80 वर्ष बुजुर्ग दम्पति ने उत्साह के साथ परीक्षा दी. विकास खंड शिक्षा अधिकारी आर पी दास विकास खंड नोडल अधिकारी भागीरथी पानसे एवं सहायक नोडल अधिकारी शिव प्रसाद बर्मन के द्वारा परीक्षा केंद्रों का सघन मानीटरिंग किया गया इस महा परीक्षा अभियान को सफल बनाने में सभी संकुल स मनव्यय प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों का योगदान रहा। मोहगांव केन्द्र में उपसरपंच श्रीमती प्रभा वर्मा के द्वारा शिक्षार्थियों को केन्द्र तक लाने में सहयोग प्रदान किया गया। सभी स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा भी घर घर जाकर केन्द्र तक लाने में सहयोग किया गया।

# स्काउट-गाइड शिविर में कौशल प्रशिक्षण दिया



**आरंग।** कृष्णा पब्लिक स्कूल रसनी (आरंग) में स्काउट–गाइड्स के उत्साह और अनुशासन से भरे दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को गरिमामय माहौल में हुआ। 5 और 6 दिसंबर को आयोजित इस शिविर में छात्रों को द्वितीय सोपान से जुड़ी विविध गतिविधियों एवं कौशलों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। वरिष्ठ स्काउटर संतोष कुमार साहू (पिथौरा) के मार्गदर्शन में चले प्रशिक्षण में नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, सिद्धांत, संकेत–चिन्ह, सलामी, बायाँ हाथ मिलाना, यूनिफॉर्म, विभिन्न झंडों की जानकारी, बी.पी. सिक्स व्यायाम, प्रथम–द्वितीय सोपान की गांठें व लेशिंग, दिशा ज्ञान, अनुमान कला, प्राथमिक उपचार तथा ध्वज शिष्टाचार जैसे विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। शिविर ज्वाल कार्यक्रम में बीईओ दिनेश शर्मा, बीआरसी सुरेंद्र चंद्रसेन, केपीएसआई की वाइस प्रिंसिपल सुंदरी, केपीएस आरंग की प्रधानाध्यापिका सोमा हलदार तथा प्रफुल्ल मांझी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रशिक्षणरत स्काउट–गाइड्स का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन और सेवा भावना को अपनाने की प्रेरणा दी। दो दिवसीय शिविर में कुल 83 स्काउट–गाइड्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिन्हें 7 अनुभवी प्रशिक्षकों ने मार्गदर्शन प्रदान किया। पूरे शिविर का संचालन विद्यालय की गाइडर बिंदु दुबे द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक त्रिपाठी ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ग्राम खौली शिविर में स्काउट-गाइड छात्रों ने सीखे सेवा व नेतृत्व के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय आरंग द्वारा आयोजित दो दिवसीय स्काउट–गाइड द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का समापन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रामलाल चंद्राकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खौली में हुआ। आरंग विकासखंड के विभिन्न स्कूलों से आए 178 स्काउट–गाइड प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। शिविर का संचालन विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के निर्देशन तथा विकासखंड सचिव एवं शिविर संचालक रोहित वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर का शुभारंभ स्काउट ध्वज शिष्टाचार के साथ हुआ। प्रथम दिवस में स्काउटिंग के आधारभूत तत्व, उद्देश्य, सिद्धांत, विधियां, ध्वज, प्रतीक चिन्ह, सैल्यूट, खोज चिन्ह, गांठें आदि विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे दिवस प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार, कंपास, दिशा ज्ञान, लेशिंग जैसे प्रायोगिक विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर के द्वितीय सत्र में आकर्षक महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा शामिल हुए। स्काउट–गाइड के बच्चों ने देशभक्ति और सांस्कृतिक रंगों से सजे मनमोहक प्रस्तुतिकरण देकर दर्शकों की खूब सराहना पाई। अपने उद्बोधन में श्री शर्मा ने कहा कि स्काउटिंग का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और बौद्धिक विकास को सुदृढ़ करना है, जो नई शिक्षा नीति के अनुरूप सर्वांगीण विकास का आधार बनता है। इस प्रकार के शिविर बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने संचालक मंडल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षण आयुक्त गोपाल वर्मा, ग्राम प्रतिनिधि रामानुज चंद्राकर, उमेश चंद्राकर, गयाराम चंद्राकर, धनाजिक चंद्राकर, सिद्धार्थ पटाकर (विधायक प्रतिनिधि), तेजस्वी चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। संचालक मंडल में सपना बड़ोनिया, लीना वर्मा, अन्नपूर्णा पाण्डेय, दौलत राम साहू, डॉ. बेदलाल साहू, राजू लाल पोर्ते, युवराज मिश्रा, होरीलाल पटेल, कुमुद देवांगन, अपर्णा तिवारी, विनीता वर्मा, मेनका निषाद, मनहरण लाल यादव, सरिता वैश्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विनोद का प्राचार्य पद पर प्रमोशन, किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तिल्दा नेवरा



ररुहा राम वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेवरा क्रमांक 1 के प्रधान अध्यापक एवं संकुल समन्वयक विनोद कुमार वर्मा को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैसदा प्राचार्य पद पर पदोन्नति मिलने पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने सम्मानित किया गया ।

समिति ने उन्हें शॉल और श्रीफल भेंट किए। विनोद कुमार वर्मा 2017 से में प्रधान पाठक के रूप में सेवाएं दे रहे थे । पदोन्नति पर उन्होंने संस्था की वरिष्ठ शिक्षिका संगीता रानी जेहोआस को प्रभारी प्रधान पाठक का कार्यभार सौंपा। शिक्षा क्षेत्र में श्री वर्मा ने एक अलग पहचान बनई थी .इस मौके पर संकुल प्राचार्य डॉ राजेश कुमार चंदानी बी एन बी नेवरा ने विनोद कुमार की ईमानदारी, धैर्य और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण बताते हुए कहा कि वे इस पद की गरिमा को और ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री सौरभ जैनने कहा कि कई संघर्षों के बाद आरके देवांगन ने धैर्य और ईमानदारी के साथ यह मुकाम हासिल किया है।

इस अवसर पर अध्यापकों ने विनोद कुमार के के उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। इस मौके पर उन्हें विशेष रूप से शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।शाला विकास समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं समस्त सदस्य गण शाला की रसोइया दीदियों ने उपस्थित होकर अपनी अपनी शुभकामनाएं सर जी को दिए तथा उनके मंगल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में प्राथमिक शाला तिल्दा बासटाल, शहीद हेमू कलानी तिल्दा कैंप, तीनों शालाओं के शिक्षक शिक्षिकाए ,वार्ड क्रमांक 21 की पार्षद श्रीमती रानी सौरभ जैन वार्ड 16 की पार्षद श्रीमती किरणमई छाबड़िया,

जितेंद्र कुमार जेहोआस प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोबी , समाजसेवी के कृष्णमूर्ति शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवरा क्रमांक 2 से वीरेंद्र टंडन प्राथमिक शाला वार्ड 6 से श्री वर्मा सर एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तिल्दा बस्ती से बैरागी सर ,शाला विकास समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं समस्त सदस्य गण शाला की रसोइया दीदियों ने उपस्थित होकर अपनी अपनी शुभकामनाएं देते उनके मंगल भविष्य की कामना की.कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शाला तिल्दा बासटाल के प्रधानाध्यापक श्री भागीरथी पांसे सर ने किया ।

पेज 11 के शेष...

### वलसाड के लिए 4-4 फेरे में साप्ताहिक...

शीतकालीन स्पेशल 19 दिसंबर से 9 जनवरी 2026 तक हर शुक्रवार वलसाड से चलेगी। दोनों दिशाओं में ट्रेन का वाणिज्यिक ठहराव भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बडनेरा, अकोला, मलकापुर, भुसावल, जलगांव, अमलनेर, नंदुरबार, चलथान और भेसथान स्टेशनों में तय किया गया है। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए गए हैं, जिनमें 2 एसएलआरडी, 5 सामान्य, 10 स्लीपर, 2 एसी-III और 1 एसी-II शामिल हैं।

### पेट्रोल पंप में चोरी-लूट के..

मूलतः बेमेतरा निवासी व वर्तमान में न्यू राजेंद्र नगर निवासी विनोद निषाद तथा एक नाबालिग को पकड़ा है। विनोद पूर्व में भी लूट तथा चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। पुलिस के अनुसार बदमाश दो माह पूर्व 22-23 अक्टूबर की दरमियानी रात पुराना धमतरी रोड छछानपैरी स्थित आरती फ्यूल्स में ऑफिस का दरवाजा खोल चिल्हर पैसे, मोबाइल के साथ 40 लीटर पेट्रोल चोरी कर ले गए थे।

### पंप कर्मियों से चाकू की...

सवार होकर पेट्रोल डलवाने पंप आए थे। एक्टिवा से उतरकर दो बदमाश पेट्रोल पंप के ऑफिस के अंदर दाखिल हो गए। पंप कर्मियों ने बदमाशों को ऑफिस के अंदर आने से रोकने की कोशिश की। इस पर बदमाश उन्हें चाकू की नोक पर धमकाते हुए पेट्रोल बिक्री की रकम तथा पंप कर्मियों की जेब से पैसे लूटकर फरार हो गए।

### 10 स्थानों पर आयकर जांच...

कारोबारी समूह के यहां मिली ज्वेलरी का वैल्युएशन किया जा रहा है। वैल्यूएशन में गड़बड़ी मिलने के बाद ज्वेलरी सीज करने के कार्रवाई की जाएगी।

### देवपुरी हेल्थ सेंटर पहुंचा...

हुए इसकी जानकारी सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी को दी, जिस पर उन्होंने जांच के निर्देश दिए थे। रविवार को अवकाश के दिन खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निरीक्षक टेकचंद धिरहे एवं संजय साहू की टीम देवपुरी के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल तिवारी और फार्मासिस्ट रानू वर्मा की मौजूदगी में कैल्शियम सिरप के नमूने जांच के लिए उठाए गए। सहायक औषधि नियंत्रक संजय नेताम ने कहा कि लैब से सैंपल की रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि आम लोगों को किसी भी औषधि के संदिग्ध होने का संदेह हो तो इसकी सूचना तत्काल विभाग को दी जाए। खाद्य औषधि प्रशासन द्वारा इसके पूर्व भी कुछ स्वास्थ्य केंद्रों से शिकायत के आधार पर सैंपल उठाए जा चुके हैं, जिसमें से कुछ के अमानक मिलने पर कार्रवाई भी की जा चुकी है।

# व्यापम ने पूछा-अल्फाल्फा किसका नाम, भारतीय नदियों की लंबाई, यूट्यूब से कैसे प्राप्त करते हैं जानकारी?

## 2 लाख 30 हजार परीक्षार्थियों ने कराया पंजीयन, 69% रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अलग खबर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को अमीन भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। इसके लिए प्रदेश भर में 756 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इनमें से 106 केंद्र केवल रायपुर में ही बनाए गए थे। इसके लिए 2 लाख 30 हजार परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था, लेकिन इनमें से सिर्फ 31 प्रतिशत नदारत रहे। 69 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दिलाई। परीक्षा में पूछे गए सवाल विशेष कठिन नहीं रहे। कई सवाल अत्यधिक रोचक भी रहे। परीक्षार्थियों से यू-ट्यूब के माध्यम से जानकारी सर्च करने का तरीका, कंप्यूटर के सीपीयू के संदर्भ में जानकारी, डीवीडी की डेटा स्टोरेज क्षमता से लेकर पेन ड्राइव और सीडी संबंधित सवाल पूछे गए। तकनीक आधारित ये सवाल रोचक रहे।इसके अलावा भाषा विज्ञान के अंतर्गत पूछे गए इंग्लिश के सवाल जटिल रहे। इंग्लिश के संज्ञा, सर्वनाम जैसे सवाल पूछे गए। 1857 की क्रांति, नियोजन के उद्देश्य, उष्णकटिबंधीय घास के मैदान, भारतीय संविधान, ओजोन परत भी प्रश्नपत्र का हिस्सा रहे।



### इस तरह के सवाल

- डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर का इस्तेमाल कहां किया जाता है?
- कौन सा आउटपुट उपकरण डिजिटल जानकारी को मुद्रित करता है?
- एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का उपयोग मुख्य रूप से किसलिए किया जाता है?
- अलि के अनेकार्थी शब्द कौन से हैं?
- तालाब का पर्यायवाची शब्द कौन से हैं?
- मेगस्थनीज ने किस ग्रंथ की रचना की थी?
- भारतीय नदियों को उनकी लंबाई के आधार पर बढ़ते क्रम में लिखिए।
- सहभोजिता के उदाहरण दीजिए।
- भारत में संविधान दिवस कब मनाया जाता है?
- 1921 में हड़प्पा नामक स्थान पर प्राचीन सभ्यताओं की खोज किसने की?
- भारतीय रिजर्व बैंक का मुख्यालय कहां स्थित है?
- कौन सा तत्व पौधों के लिए महत्वपूर्ण मैक्रोन्यूट्रिएंट है?
- अल्फाल्फा किसका नाम है?

### ऐसी सख्ती... दो मिनट की देर पर भी नहीं खोले द्वार

वर्ष की शुरुआत में बिलासपुर जिले में हाईटेक नकल प्रकरण सामने आने के बाद व्यापम द्वारा नियमों को लेकर सख्ती बरती जा रही है। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद किए जा रहे हैं। रविवार को जिले में कई मामले सामने आए, जहां एक-दो मिनट की देर होने पर भी परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया। वे प्रबंधन से अनुरोध करते रहे, लेकिन नियमों का हवाला देकर उन्हें रोक दिया गया। व्यापम का कहना है कि परीक्षार्थियों को नियमों के विषय में पूर्व में ही सूचित कर दिया गया है। उन्हें जागरुक करने समय-समय पर दिशा-निर्देश भी जारी किए जा रहे हैं। नियमों में सख्ती इसलिए की जा रही है ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी ना हो तथा व्यापम की परीक्षाओं में विश्वसनीयता बनी रहे।

## सामाजिक समानता के अमर अग्रदूत थे बाबा साहेब

रायपुर। बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें याद करते हुए जोगी कांग्रेस के मुख्य वक्ता व सामाजिक न्याय कार्यकर्ता भगवानू नायक ने कहा कि आज का दिन भारतीय इतिहास और समाज के लिए एक गंभीर चिंतन, श्रद्धा और संकल्प का दिन है। आज ही के दिन 6 दिसंबर 1956 को भारतीय संविधान के शिल्पी, समाज के महान मार्गदर्शक और दलितों-शोषितों के मसीहा डॉ. भीमराव आंबेडकर ने इस दुनिया को विदा कहा था। उनका 'महापरिनिर्वाण दिवस' केवल एक स्मरण दिवस नहीं, बल्कि उनके विचारों, संघर्ष और सपनों को आत्मसात करने का अवसर है। डॉ. आंबेडकर का जीवन स्वयं एक चलता-फिरता संविधान था।

## निधन

### डॉ. सुनील वर्मा



रायपुर। ग्राम मुनगी (चंदखुरी) जिला रायपुर निवासी डॉ. सुनील वर्मा (52) का 7 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम में किया गया। वे शंकरलाल वर्मा एवं सरोजनी वर्मा के पुत्र, मीना वर्मा के पति, अनिल, किशोर, रूपेंद्र, कृष्णा के भाई और हर्ष वर्मा व नितिन वर्मा के पिता थे।

### प्रदीप कुमार खारपाटे



रायपुर। न्यू शांतिनगर निवासी प्रदीप कुमार खारपाटे का 7 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 दिसंबर को सुबह 12 बजे देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सुमित खारपाटे के पिता थे।

### मदनलाल संचेती



रायपुर। साईं नगर देवेंद्र नगर निवासी मदनलाल संचेती (89) का 7 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संजय संचेती के पिता, महावीर संचेती के दादा एवं शांतिलाल, रमेश, विजय, सुनील, राजकुमार, अजय संचेती के चाचा थे।

### सबीना सैमुअल



रायपुर। रायपुर निवासी सबीना सैमुअल का 6 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 दिसंबर को कैथोलिक कब्रिस्तान टिकरापारा में किया गया। वे बेनेड लियो सैमुअल की पत्नी, पॉल फ्रांसिस की बहन एवं ऑगस्टाइन सैमुअल की माता थीं।

### रामचरण लाल श्रीवास्तव



रायपुर। नवापारा-राजिम निवासी पूर्व पोस्टमास्टर रामचरण लाल श्रीवास्तव का निधन नागपुर में हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निज निवास 301, रचना यूथिका एपार्टमेंट, अमरावती रोड, नागपुर से निकलेगी। वे आनंद कुमार श्रीवास्तव, आशीष कुमार श्रीवास्तव, वीणा, सीमा एवं क्षमा श्रीवास्तव के पिता थे।

### किशनचंद नेभानी



रायपुर। पंजाबी गुरुद्वारा के पास श्याम नगर निवासी किशन चंद नेभानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 दिसंबर को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे हेमंत, सुनील नेभानी के दादा और श्रीधर, मोहन, अशोक, राजकुमार, महेश, दीपक, सूरज नेभानी के चाचा थे।

### राजेश्वर राव बहाड़



रायपुर। ढेबर सिटी निवासी राजेश्वर राव बहाड़ (84) का 7 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 दिसंबर को दोपहर 1 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे अंजलि, प्रवीण व शशांक बहाड़ के पिता थे।

## रायपुर, दुर्ग, धमतरी के बाद नए कंज्यूमर का केंद्र बना बलौदाबाजार

# शहर का पश्चिमी हिस्सा बना ड्रग पैडलरों का सुरक्षित ठिकाना, पखवाड़ेभर में 10 मामले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के पश्चिम के थाना क्षेत्र सरस्वती नगर, कबीर नगर, आमानाका तथा डीडीनगर थाना क्षेत्र गांजा के छोड़ अन्य प्रतिबंधित सूखा नशा हेरोईन चिट्टा, डोडा चूरा तथा ब्राउन शुगर खरीदी बिक्री करने का सुरक्षित ठिकाना बन गया है। इसके पूर्व कोतवाली, टिकरापारा थाना क्षेत्र ड्रग पैडलरों का सुरक्षित ठिकाना था। इन दोनों थाना क्षेत्र में कार्रवाई तेज होने के बाद ड्रग पैडलर एक बार फिर से शहर के पश्चिमी इलाके की तरफ शिफ्ट हो गए। पुलिस ने पखवाड़ेभर के भीतर ड्रग की अवैध खरीदी-बिक्री के जितने मामले दर्ज किए हैं, वे सभी पश्चिमी थाना क्षेत्र के इलाके हैं।

पुलिस ने शनिवार को जिन चार नए ड्रग नेटवर्क का खुलासा किया है, उन चारों का कनेक्शन रायपुर पश्चिम के इलाके से रहा है। हालांकि पकड़े गए ड्रग पैडलर राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं। ड्रग नेटवर्क चलाने वालों द्वारा रायपुर पश्चिम के इलाके में हेरोईन चिट्टा सहित अन्य मादक पदार्थ डिलीवर किए जाते थे। इस वजह से ड्रग नेटवर्क चलाने वाले नौ ड्रग पैडलर आमानाका, कबीर नगर, सरस्वती नगर तथा डीडीनगर थाना क्षेत्र से दबोचे गए।

## कुरियर ब्वॉय की सही तरीके से पहचान नहीं होने से बढ़ रहा कारोबार



पैडलरों के कब्जे से पुलिस ने 80 लाख रुपए कीमत का हेरोईन चिट्टा जब्त किया

हेरोईन चिट्टा के कारोबार से जुड़े 79 पैडलर को पुलिस कर चुकी है गिरफ्तार

ड्रग नेटवर्क के चार गैंग पुलिस के हत्थे चढ़े, नौ पैडलर गिरफ्तार

सात प्रकरण में 79 पैडलर गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपी

कमलेश अरोड़ा उर्फ लाली

### कार्रवाई नहीं होने से नहीं टूट रहा लिंक

अगस्त में पुलिस ने टिकरापारा, कोतवाली थाना क्षेत्र में जिन बड़े ड्रग नेटवर्क का खुलासा किया था। उन मामलों में पुलिस ने ड्रग कंज्यूम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का दावा किया था। मामला शांत होने के बाद पुलिस ने ड्रग कंज्यूम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। इसी के परिणाम स्वरूप ड्रग नेटवर्क का लिंक टूटने की बजाए और नए बन गए। शुरू में पुलिस ड्रग कंज्यूम करने वालों के खिलाफ सख्ती बरतती तो ड्रग के काले कारोबार पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता था।

### पैडलर पंजाब जाकर ला रहे ड्रग

ड्रग कंज्यूम करने वालों को पंजाब में कहां से और किन लोगों से ड्रग मिलता है, इसे लेकर वे भली-भांति परिचित हो गए हैं। ड्रग कंज्यूम करने से पैडलर बने तस्कर किसी मीडिएटर के बजाय पंजाब के ड्रग पैडलरों से संपर्क कर रहे हैं। संपर्क करने से पैडलर हेरोईन चिट्टा सहित अन्य मादक पदार्थों का यहीं भाव तय कर लेने के बाद पंजाब पहुंचकर ट्रेन रूट से ड्रग लाकर खपाने का भी काम कर रहे।

### फॉरवर्ड, लिंकेज पंजाब से जुड़ा

पूर्व की तरह इस बार भी ड्रग तस्करी करने के आरोप में जो पकड़े गए हैं, उन सभी का संबंध पंजाब के ड्रग डीलरों के साथ था। पकड़े गए आरोपियों ने पंजाब के ड्रग डीलरों के साथ संपर्क होने की बात कबूल भी की है। इससे साबित होता है कि ड्रग का फारवर्ड, लिंकेज पंजाब है। ऐसे में पुलिस को स्थानीय ड्रग रैकेट के खिलाफ कार्रवाई के साथ पंजाब के ड्रग डीलरों के खिलाफ नकेस कसने की जरूरत है।

### कंज्यूमर को बना रहे पैडलर

पूर्व में ड्रग नेक्सस से जुड़े प्रमुख लोगों की गिरफ्तारी होने के बाद ड्रग रैकेट संचालित करने वाले ड्रग कंज्यूम करने वाले एडिक्ट को ड्रग खपाने भाईरी मुनाफा मिलने का झांसा देकर पैडलर बना रहे हैं। हाल के दिनों में पुलिस ने जिन ड्रग पैडलरों को गिरफ्तार किया है। उनमें ज्यादातर लोग पूर्व में ड्रग कंज्यूम करने वाले लोग हैं। इनमें अधेड़ से लेकर युवा तक शामिल हैं।

# नया विधानसभा भवन शीतकालीन सत्र के लिए तैयार अंतिम चरण में शिफ्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- 13 दिसंबर के पहले पूरा सेटअप तैयार करने युद्धस्तर पर काम जारी

नवा रायपुर में नया विधानसभा भवन शीतकालीन सत्र के लिए तैयार हो रहा है। 14 दिसंबर को सत्र की शुरुआत होगी, उसके पहले पुराने विधानसभा भवन के सभी सेक्शन की फाइलें वहां शिफ्ट की जा चुकी हैं। एक-दो दिनों में यहां के फर्नीचर और अन्य सामान शिफ्ट कर लिए जाएंगे। शिफ्टिंग अब अंतिम चरण में है। बताया गया है कि दो-तीन दिनों में इसे पूरा करने के बाद सभी सेक्शन के कर्मी भी वहां पर बैठने लगेंगे।

बताया गया है कि 1 दिसंबर से शुरू हुई शिफ्टिंग को आगामी शीतकालीन सत्र को देखते हुए पूरा किया जा रहा है। पूरा कार्य नए भवन से संचालित हो, इसके लिए कर्मचारियों को वहां लगाया गया है। विधानसभा सचिवालय ने सभी सेक्शन को इसकी तैयारी कर फाइलें वहां 9-10 दिसंबर तक ले जाकर व्यवस्थित करने कहा है। वहां 14 दिसंबर के पहले पूरा सेटअप बनाने की तैयारी है। यहां बी ब्लॉक पर विधानसभा के सभी सेक्शन का सेटअप रहेगा। यहां प्रतिवेदन, संदर्भ शाखा और पुस्तकालय के लिए भी जगह दी गई है। जनसंपर्क विभाग और पत्रकारों के लिए भी यहां पर ही कक्ष का आवंटन किया गया है।



### व्यवस्थित करने लगाए गए अधिकारी

पुराने विधानसभा भवन के सामान की शिफ्टिंग के साथ उसकी पूरी सूची भी तैयार की जा रही है। नए विधानसभा भवन में तीनों सेक्शन में कमरों का आवंटन पूरा करने के बाद उसे जमाने और व्यवस्थित करने का कार्य सेक्शन के अधिकारियों को दिया गया है। बताया गया है कि 13 दिसंबर से पहले यह कार्य पूरा करना है। वहीं मंत्री ब्लॉक के सभी सामान को नए भवन में शिफ्ट करने के बाद उसे रखा जा रहा है। विधानसभा में सभी मंत्रियों को सी ब्लॉक के प्रथम तल पर अलग-अलग कक्ष आवंटित किया गया है। विधानसभा सत्र शुरू होने के पहले पुराने विधानसभा के फर्नीचर और अन्य सामान शिफ्ट किए जा रहे हैं।

### सदन में लगीं कुर्सियां

सदन में नई कुर्सियां लगाई जा चुकी हैं। आधुनिक सुविधाओं से लैस विधानसभा का सदन पेपरलेस किए जाने की पूरी तैयारी है। यहां की बैठक व्यवस्था सत्र शुरू होने के दो दिन पहले जारी की जाएगी। नए विधानसभा भवन में सदन बी ब्लॉक के पहले फ्लोर पर होगा। सदन से लगा हुआ विधानसभा अध्यक्ष का कक्ष रहेगा। उसी ब्लॉक में नेता प्रतिपक्ष को कक्ष आवंटित किया गया है।

# तीन दवाओं की ब्लैकलिस्टिंग से आगे नहीं बढ़ा मामला, होल्ड पर थीं करीब डेढ़ दर्जन दवाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

अमानक मिलने पर दो कंपनियों की तीन दवाओं को काली सूची में डालने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई ठंडी पड़ गई है। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों से मिली शिकायतों के बाद सीजीएमएससी के माध्यम से डेढ़ दर्जन दवाओं और उपकरणों के कुछ बैच के उपयोग को रोका गया था। इन दवाओं में टूटफूट होने के साथ रंग बदलने और कम असर होने जैसी शिकायतें मिल रही थीं।

स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी के अफसरों ने नवंबर के दूसरे सप्ताह में कृमिनाशक, कैल्शियम, विटामिन और हिपोरिन इंजेक्शन को जांच में अमानक मिलने के बाद उनके उपयोग और संबंधित दो कंपनियों को तीन साल के लिए ब्लैकलिस्ट में शामिल किया था। इस दौरान यह भी संभावना थी कि कुछ अन्य दवाओं की शिकायतों की गंभीरता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। कालीसूची में शामिल करने की प्रक्रिया को करीब एक माह बीत चुका है, मगर प्रतिबंध की दूसरी कार्रवाई नहीं की गई है। इसे लेकर इस बात का अंदाजा भी लगाया जा रहा है कि अन्य दवाओं को क्लीनचिट दे दी गई। तीनों दवाओं के साथ पांच अन्य दवा और उपकरण जांच में अमानक पाए गए थे। इसके अलावा राज्य के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों से मिली शिकायतों के आधार पर डेढ़ दर्जन दवाओं और उपकरणों के उपयोग पर रोक लगाई गई थी।



कैल्शियम सिरप की बोतल में चिपचिपी वस्तु, मांस होने के संदेह में हंगामा, शिकायत पर जांच के आदेश

सिरप की अन्य बोतल में भी टुकडे दिखे

होल्ड की गई दवाओं में फफूंद मिलने पर पैरासिटामॉल, प्रेग्नेंसी का पता लगाने वाले टेस्ट किट, अस्थमा एवं एलर्जी की रोकथाम करने वाली दवा, सर्जिकल ब्लेड, सर्जिकल ग्लब्स, एंटी बायोटिक इंजेक्शन आदि शामिल थे। इनमें से अमानक मिले उत्पादों को तो केंद्रीय खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने अपनी अमानक दवाओं की सूची में शामिल किया था।

### होल्ड किए जाने का दौर भी ठहरा

दो कंपनियों को ब्लैकलिस्टेड किए जाने के बाद सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों से दवाओं को लेकर आने वाली शिकायतें भी लगभग बंद हो गई हैं। इसे लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं कि दवाओं की क्वालिटी सुधर चुकी है अथवा उनकी जांच को लेकर शिथिलता बरती जा रही है। शनिवार को देवपुरी के स्वास्थ्य केंद्र में एक सिरप की क्वालिटी पर सवाल उठाए जाने के बाद मामला थोड़ा गरमाया है।

# गाड़ा समाज ने दिव्यांग युवती का कराया विवाह, पेश की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- समाजसेवियों ने गाजे बाजे के साथ बारात का स्वागत किया और वर-वधू को आशीर्वाद दिया

राजधानी रायपुर में गाड़ा समाज ने आज मानवता, सामाजिक सद्भाव और सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। समाज के सामूहिक प्रयासों से एक दिव्यांग युवती चंद्रिका तांडी (25) का विवाह भिलाई निवासी गुरमीत सिंह के साथ धूमधाम से संपन्न कराया गया। वधू चंद्रिका तांडी, जिनके माता-पिता का उनके शैशवकाल में ही निधन हो गया था और जिनका पालन-पोषण रिश्तेदारों ने किया, पूरे समाज की स्नेहिल बेटी बन गईं। उनके सुखद वैवाहिक भविष्य की कामना से समाजसेविका रोशनी बाघ ने पहल करते हुए समाज के अन्य नेताओं एवं सेवाभावी लोगों के सहयोग से इस विवाह का आयोजन किया। बैजनाथ नगर निवासी चंद्रिका तांडी का विवाह खुर्सीपार निवासी वर गुरमीत सिंह के साथ बैजनाथ पारा में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ। समाज के लोगों ने न केवल आर्थिक सहयोग प्रदान किया, बल्कि वधू पक्ष की ओर से उत्साहपूर्वक शादी में भाग लेकर बारात का गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया।



**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित** : वरिष्ठ समाजसेवी भगवानू नायक, किशोर महानंद, जितेन्द्र तांडी, बनामाली छुरा, जीतू सागर, रमन तांडी, आशीष तांडी, पंकज जगत, संतोष सोनी, रोहित नायक, नारायण बंछोर, प्रदीप नायक, युवा साथियों में भरत छुरा, गोलू भत्रे, चंदू बघेल, सूरज सोनी आदि ने उपस्थित होकर दोनों परिवारों का मनोबल बढ़ाया एवं आशीर्वाद शुभकामनाएं प्रदान की।

# बाबा गेलाराम साहेब के वर्सी महोत्सव का आज से आगाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- गोदड़ीवाला धाम से निकली भव्य शोभायात्रा और बाइक रैली

देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा हरदासराम साहेब के आशीर्वाद से व जलगांव साहेब के महंत साईं देवीदास व देवपुरी धाम की महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में वर्सी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार सुबह हवन व झंडावंदन से वर्सी महोत्सव शुरू हो जाएगा। देशभर से संत-महात्माओं और भजन मंडलियों का आगमन शुरू हो गया है। भारतवर्ष के 65 गोदड़ीवाला धाम व छत्तीसगढ़ के 11 गोदड़ीवाला धाम में से अनेक जगहों से बाबा के भक्त व श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। धाम में अनवरत भक्ति सेवा सत्संग सिमरन का कार्यक्रम शुरू हो गया है। यह जानकारी दरबार के सेवादारी इंदर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी ने देते हुए बताया कि रविवार को भव्य शोभायात्रा और बाइक रैली का पूज्य पंचायतों व संस्थाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि तीनों दिन अनेक कार्यक्रम होने वाले हैं, पाठ साहेब का आरंभ, भगवान झूलेलाल का बहराणा साहेब, शोभायात्रा व सांस्कृतिक प्रोग्राम संत-महात्माओं के प्रवचन सत्संग, भजन मंडलियों के कार्यक्रम, मेगा ब्लड डोनेशन कैंप, डेंटल मेडिकल कैंप, नेत्र जांच शिविर व तीनों दिन अखंड भंडारा साहेब भी चलता रहेगा।



# बाबा गुरु घासीदास की भव्य शोभायात्रा 16 को निकलेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- शोभायात्रा, जयंती व परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सतनामी समाज की हुई बैठक

न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में रविवार को हुई सतनामी समाज की बैठक में शोभायात्रा, जयंती व परिचय सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप देकर प्रमुखजनों को जिम्मेदारी बांटी गई। अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे, संरक्षक शकुन डहरिया एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि 16 दिसंबर को दोपहर 3 बजे आमापारा प्लाजा से परंपरानुसार गुरु घासीदास बाबा की विशाल शोभायात्रा निकलेगी, जिसमें आकर्षक झाकियां, पंथीनृत्य, लोक कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति सहित अखाड़ा दलों का शौर्य प्रदर्शन आकर्षण के केंद्र होंगे। बैठक के दौरान उपस्थित समाजजनों ने रायपुर ग्रामीण के नवनियुक्त कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू राजेंद्र बंजारे को शॉल व पुष्पमाला भेंटकर स्वागत किया गया। समापन स्थल नगर घड़ी (गुरु घासीदास चौक) के मुख्य मंच से सर्वश्रेष्ठ पांच झांकियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर को जयंती पर्व, साहित्य संगोष्ठी सहित अलंकरण समारोह होगा, वहीं 4 जनवरी को शहीद स्मारक भवन में राष्ट्र स्तरीय विवाहयोग्य हाईटेक सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन होगा।



## पेज 11 के शेष ...

### वलसाड के लिए 4-4 फेरे..

शीतकालीन स्पेशल 19 दिसंबर से 9 जनवरी 2026 तक हर शुक्रवार वलसाड से चलेगी। दोनों दिशाओं में ट्रेन का वाणिज्यिक ठहराव भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बडनेरा, अकोला, मलकापुर, भुसावल, जलगांव, अमलनेर, नंदुरबार, चलथान और भेसथान स्टेशनों में तय किया गया है। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए गए हैं, जिनमें 2 एसएलआरडी, 5 सामान्य, 10 स्लीपर, 2 एसी-III और 1 एसी-II शामिल हैं।

### पेट्रोल पंप में चोरी-लूट के..

मूलतः बेमेतरा निवासी व वर्तमान में न्यू राजेंद्र नगर निवासी विनोद निषाद तथा एक नाबालिग को पकड़ा है। विनोद पूर्व में भी लूट तथा चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। पुलिस के अनुसार बदमाश दो माह पूर्व 22-23 अक्टूबर की दरमियानी रात पुराना धमतरी रोड छछानपैरी स्थित आरती फ्यूल्स में ऑफिस का दरवाजा खोल चिल्हर पैसे, मोबाइल के साथ 40 लीटर पेट्रोल चोरी कर ले गए थे।

### पंप कर्मियों से चाकू की...

सवार होकर पेट्रोल डलवाने पंप आए थे। एक्टिवा से उतरकर दो बदमाश पेट्रोल पंप के ऑफिस के अंदर दाखिल हो गए। पंप कर्मियों ने बदमाशों को ऑफिस के अंदर आने से रोकने की कोशिश की। इस पर बदमाश उन्हें चाकू की नोक पर धमकाते हुए पेट्रोल बिक्री की रकम तथा पंप कर्मियों की जेब से पैसे लूटकर फरार हो गए।

### 10 स्थानों पर आयकर...

कारोबारी समूह के यहां मिली ज्वेलरी का वैल्युएशन किया जा रहा है। वैल्यूएशन में गड़बड़ी मिलने के बाद ज्वेलरी सीज करने के कार्रवाई की जाएगी।

### देवपुरी हेल्थ सेंटर पहुंचा ...

हुए इसकी जानकारी सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी को दी, जिस पर उन्होंने जांच के निर्देश दिए थे। रविवार को अवकाश के दिन खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निरीक्षक टेकचंद धिरहे एवं संजय साहू की टीम देवपुरी के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल तिवारी और फार्मासिस्ट रानू वर्मा की मौजूदगी में कैल्शियम सिरप के नमूने जांच के लिए उठाए गए। सहायक औषधि नियंत्रक संजय नेताम ने कहा कि लैब से सैंपल की रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों को किसी भी औषधि के संदिग्ध होने का संदेह हो तो इसकी सूचना तत्काल विभाग को दी जाए। खाद्य औषधि प्रशासन द्वारा इसके पूर्व भी कुछ स्वास्थ्य केंद्रों से शिकायत के आधार पर सैंपल उठाए जा चुके हैं, जिसमें से कुछ के अमानक मिलने पर कार्रवाई भी की जा चुकी है।










रायपुर। ठंड इतनी कि खुले आसमान तले रेलवे स्टेशन, आंबेडकर हॉस्पिटल एवं डीकेएस अस्पताल समेत कई सार्वजनिक जगहों पर लोग गठरी बनकर सो रहे। *फोटोः किशन लोखंडे*

## नवा रायपुर में शीतलहर

# रात और दिन के तापमान में 20 डिग्री का अंतर अंबिकापुर जैसी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पिछले दो दिन से माना और नवा रायपुर का इलाका कड़ाके की ठंड के साथ शीतलहर की चपेट में है। यहां रात और दिन के तापमान में 20 डिग्री का अंतर है। माना एयरपोर्ट के आसपास के इलाके में अंबिकापुर जैसी ठंड पड़ रही है। दोनों शहरों का न्यूनतम तापमान सामान्य से 5-6 डिग्री नीचे जा चुका है।

दिसंबर के दूसरे सप्ताह में भी मामूली उतार-चढ़ाव के बीच ठंड का प्रभाव बढ़ने की संभावना है। अगले दो दिन यानी सोमवार और मंगलवार को रायपुर जिले के साथ दर्जनभर क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। पिछले तीन चार दिनों से राज्य में बढ़ती ठंड का प्रभाव रहा है और राज्य के सीमावर्ती इलाकों में तो ठंड चरम पर है। वहां मैनपाट सहित आसपास के इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सुबह के वक्त पेड़ों की पत्तियों में ओस जमने जैसी स्थिति बन रही है। अंबिकापुर का तापमान 5.2 डिग्री तक पहुंचा है, जो सामान्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस कम है। इसी तरह की स्थिति राजधानी रायपुर से करीब 10 किमी दूर माना एयरपोर्ट और उससे लगे नवा रायपुर की है। वहां भी पिछले तीन दिनों से शीतलहर जैसे हालात बने हुए हैं। वहां रात का तापमान 8 डिग्री तक पहुंचा है, जो सामान्य से 5.7 सेल्सियस कम है। वहां दिन और रात के तापमान में 20 डिग्री का अंतर है, जो कड़ाके की ठंड की तरफ इशारा कर रहा है।

### इन इलाकों में शीतलहर का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक रायपुर के अलावा गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कबीरधाम, मुंगेली, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, बेमेतरा, दुर्ग, मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी, बालोद और कोरबा में शीतलहर जैसी स्थिति बन सकती है।

### पिछले चौबीस घंटे का तापमान

| शहर | न्यूनतम | अधिक. |
|---|---|---|
| रायपुर | 11.9 | 28.9 |
| माना | 28.4 | 8.0 |
| बिलासपुर | 28.0 | 10.5 |
| पेंड्रा | 25.8 | 8.6 |
| अंबिकापुर | 25.8 | 5.2 |
| जगदलपुर | 29.4 | 10.4 |



## खबर संक्षेप

### सरोना स्कूल में बच्चों ने लगाया आनंद मेला



**रायपुर।** मां सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय सरोना में रविवार को विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा आनंद मेले का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त अभिभावक व भैया-बहन स्टाफ शाामिल हुए। इस अवसर पर समाजसेवी सरोना ज्ञानेश सिंह ठाकुर द्वारा निर्मित शेड का उद्घाटन समृद्धि सिंह ठाकुर ने किया और स्कूल के बच्चों को समर्पित किया। इस मौके पर विद्यालय की अध्यक्ष इंदू सिंह राजपूत, गोपी सिंह ठाकुर, वीसी यदु, जया ठाकुर, प्रधानाचार्य भानुमति हरपाल, उमा वर्मा आदि शामिल थे।

### सीटों की कटौती के विरोध में ब्लैक रिबन प्रोटेस्ट

**रायपुर।** एमडी-एमएस की राज्य की शासकीय सीटों पर की गई कटौती के विरोध में चिकित्सा छात्रों ने मोर्चा खोल दिया है। स्थानीय छात्रों का अहित होने का हवाला देते हुए उनके द्वारा अफसरों और अन्य जिम्मेदारों से मिलकर आपत्ति दर्ज कराई गई है। सोमवार को सभी शासकीय मेडिकल कॉलेज के छात्र काला फीता लगाकर अपना विरोध जताएंगे।

## साइंस कॉलेज मैदान में अनुमति नहीं मिलने के बाद घर के पास खाली मैदान में किया प्रदर्शन

# करणी सेना को पुलिस ने मैदान में ही घेरा आगे नहीं बढ़ पाए, चर्चा के बाद आंदोलन खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- रेडक्रॉस सोसायटी भवन में एडीएम को राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र तोमर के समर्थन में क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत के नेतृत्व में करणी सेना के समर्थकों ने रविवार को प्रदर्शन किया। आठ सूत्रीय मांगों को लेकर करणी सेना ने प्रदर्शन किया। क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एसएसपी सहित अन्य पुलिस अफसरों के घर घुसने की धमकी दी थी। करणी सेना के समर्थन में भीड़ सीमित और नियंत्रित ही रही। अलबत्ता पुलिस ने जितने प्रदर्शनकारी थे, उससे ज्यादा बलवा निरोधक दस्ता सहित पुलिस के जवानों की तैनाती कर रखी थी।

क्षत्रिय करणी सेना ने साइंस कॉलेज मैदान के पास प्रदर्शन कर रैली निकालने अनुमति मांगी थी, लेकिन प्रशासन ने साइंस कॉलेज मैदान में प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी। इसके बाद करणी सेना वीरेंद्र तोमर के घर के सामने खाली मैदान में प्रदर्शन करने पहुंची। करणी सेना से जुड़े लोग प्रदर्शन करने मैदान से बाहर निकल पाते, इसके पहले ही पुलिस ने उन्हें मैदान के पास ही रोक लिया।





### गृहमंत्री के बंगले के घेराव की चेतावनी

*क्षत्रिय करणी सेना का राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुसार, प्रशासन ने उनकी मांगों पर विचार तथा जांच करने 15 दिन का समय मांगा है। उन लोगों ने इस पर प्रशासन को 30 दिन का समय दिया है। श्री शेखावत ने चेतावनी दी है कि तोमर परिवार को न्याय नहीं मिलने पर वे गृहमंत्री के बंगले का घेराव करेंगे। हरियाणा के ओकेंद्र सिंह राणा ने कहा कि जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां-वहां उनको वोट की चोट देंगे।*

### हाईलेवल मीटिंग के बाद आंदोलन समाप्त

*क्षत्रिय करणी सेना की आठ सूत्रीय मांगों को लेकर करणी सेना की दस सदस्यीय टीम जिसमें वीरेंद्र की पत्नी, रोहित तोमर की पत्नी, क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत सहित 10 सदस्यीय टीम की कलेक्टोरेट स्थित इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी बिल्डिंग में हाईलेवल मीटिंग हुई। मीटिंग में एएसपी सिटी लखन पटले, एडीएम यूएस बांधे सहित चार-पांच थानों के टीआई शामिल रहे। मीटिंग में करणी सेना की शिकायतों की जांच कर कार्रवाई करने की आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त किया गया।*



### पुलिस ने की थी ऐसी तैयारी

प्रदर्शन की आड़ में किसी भी तरह की कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले लोगों को रोकने के लिए वीरेंद्र तोमर के घर से लेकर भाठागांव चौक तक भारी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया था। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने बलवा निरोधी दस्ता लगाया गया था। इसके अलावा मुख्यमंत्री निवास पहुंच मार्ग को सील कर दिया गया था। प्रदर्शन के पूर्व एएसपी लखन पटले तथा अन्य पुलिस अफसरों ने करणी सेना के नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में करणी सेना के नेताओं को साफतौर पर चेतावनी दी गई थी कि किसी भी तरह के कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में करणी सेना के नेताओं को जिम्मेदार माना जाएगा। व्यवस्था बिगड़ने पर करणी सेना के नेताओं को उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने चेतावनी दी गई थी।

## छत्तीसगढ़ से 209 प्रतिनिधि जाएंगे

# पेंशनर्स महासंघ का चौथा अभा अधिवेशन 21 से अयोध्या में होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का चौथा अखिल भारतीय दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 21 एवं 22 दिसंबर को अयोध्या के प्रेमकुंज गार्डन में आयोजित किया जा रहा है। अधिवेशन के उद्घाटन के लिए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आमंत्रित किया गया है। साथ ही प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद एवं विधायक भी इस आयोजन में शामिल होंगे।

अधिवेशन में देशभर के 22 राज्यों से एक हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिसमें छत्तीसगढ़ से 209 प्रतिनिधि अधिवेशन में सहभागी बनेंगे। महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएच सुरेश सहित देशभर के कई वरिष्ठ पेंशनर्स राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेंगे। अधिवेशन में पेंशनरों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णायक चर्चा की जाएगी, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा घोषित डीए/डीआर को सभी राज्यों में समान तिथि एवं दर से तुरंत लागू कराने, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 को हटाकर वित्तीय विवाद समाप्त करने, वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेल किराया छूट दोबारा लागू कराने जैसे विषय पर चर्चा होगी। इसके साथ ही राजस्थान मॉडल की तर्ज पर पेंशनरों को मासिक मेडिकल भत्ता एवं कैशलेस उपचार सुविधा प्रदान करने जैसे विषय प्रमुख रहेंगे।

इसके अतिरिक्त पेंशनर के निधन पर न्यूनतम दस हजार रुपए की अंतिम संस्कार सहायता, वरिष्ठ नागरिकों को राज्य परिवहन एवं अन्य बस सेवाओं में यात्रा रियायत, हवाई यात्रा में भी रियायत उपलब्ध कराने, ईपीएफ की न्यूनतम पेंशन बढ़ाकर दस हजार रुपए प्रतिमाह करने तथा हर चार वर्ष में पेंशनरों के लिए भारत भ्रमण सुविधा बहाल करने की मांग अधिवेशन में प्रमुखता से उठाई जाएगी।

### प्रतिनिधिमंडल में ये शामिल

छत्तीसगढ़ से विभिन्न जिलों का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना होने वाले प्रतिनिधिमंडल में बस्तर से आरएन ताटी, बीजापुर से के. नागेश्वर राव, नारायणपुर से एसएन देहारी, कांकेर से ओपी भट्ट, सुकमा से रामकुमारी नेताम, दंतेवाड़ा से सोमनाथ सिंह ध्रुव, दुर्ग से बीके वर्मा, बालोद से डीआर गजेंद्र, बिलासपुर से राकेश जैन, जांजगीर–चांपा से परमेश्वर स्वर्णकार, रायगढ़ से एमडी नायक, कोरबा से एमएल यादव, अंबिकापुर (सरगुजा) से माणिक चंद्र, जशपुर से द्रौपदी यादव तथा रायपुर से आरजी. बोहरे शामिल हैं।

# कैबिनेट में गाइडलाइन दर और कुछ विधेयकों पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- पिछले सप्ताह हुई कैबिनेट में कुछ विधेयक को मिली थी मंजूरी

राज्य सरकार की कैबिनेट की बैठक 10 दिसंबर को बुलाई गई है। मंत्रालय में सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बैठक होगी। विधानसभा की शी त का ली न सत्र की तैयारियों पर चर्चा होगी। साथ ही सत्र के दौरान लाए जाने वाले कुछ और विधेयकों के प्रारूप को मंजूरी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह कैबिनेट की बैठक हुई थी, जिसमें कुछ विधेयकों को मंजूरी दी गई थी।

14 दिसंबर से शुरू होने वाले चार दिवसीय विधानसभा सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा लाए गए कई सवालों पर सरकार की तैयारियों को



लेकर चर्चा होगी। बताया जाता है कि जमीन की नई गाइडलाइन को लेकर जिलों में लगातार प्रदर्शन किए जा रहे हैं। यह मुद्दा विधानसभा में भी जोर-शोर से उठने के पूर्व इस मामले में सरकार द्वारा इस पर चर्चा कर कुछ प्रावधानों पर संशोधन करने पर विचार किया जाएगा। धर्मांतरण रोकने के लिए धर्म स्वातंत्र्य विधेयक में संशोधन के प्रारूप पर विचार कर मंजूरी दी जाएगी। संशोधन विधेयक में कड़े प्रावधान किए जा रहे हैं। वहीं धर्मांतरण के लिए दो माह पूर्व अनुमति लिए जाने पर ही मान्य किए जाने का प्रावधान किया जा रहा है।

## चांदी की कीमत जनवरी से अब तक 95500 रुपए बढ़ी है

# पहली बार सोना सालभर में 53 हजार रुपए महंगा, चांदी ने भी रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सोने और चांदी की कीमत ने इस साल रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। इतिहास में पहली बार सालभर में सोने के दाम 53 हजार बढ़े हैं। इसी के साथ चांदी ने भी रिकॉर्ड इतिहास रचा है। जो 24 कैरेट का सोना साल के पहले दिन 79 हजार रुपए दस ग्राम था, वह इस समय एक लाख 32 हजार हो गया है। इसी तरह से चांदी के दाम इस समय एक लाख 84 हजार रुपए हैं, जो साल के पहले दिन महज 88500 रुपए किलो थे, यानी चांदी के दाम 95500 रुपए बढ़े हैं।

इस साल सोने और चांदी की कीमत में बहुत तेजी से इजाफा हुआ है। इसके पीछे का बड़ा कारण अमेरिका का टैरिफ वार है। सोने की कीमत लगातार बढ़ने के कारण इसमें निवेश भी ज्यादा हुआ है। पहली बार 21 अप्रैल को राजधानी रायपुर में सोने के दाम जीएसटी के साथ एक लाख रुपए थे। इसके बाद मई में सोने की कीमत कम हो गई। 2 जून को कीमत फिर से एक लाख के पार हो गई। इसके बाद फिर से कीमत कम हुई और अब तो लगातार इसके दाम एक लाख के पार ही रहे हैं। इसी तरह से चांदी के दाम पहली बार फरवरी में एक लाख के पार गए, जो अब पौने दो लाख के पार हो गए हैं।





### चांदी की कीमत में 95 हजार का इजाफा

चांदी की कीमत भी अब नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई है। चांदी की डिमांड ज्यादा होने के कारण इसके दाम लगातार बढ़ रहे हैं। चांदी के दाम तो सोने से भी तेजी से बढ़ रहे हैं। एक समय सोने और चांदी के दाम बराबरी पर चल रहे थे, लेकिन चांदी ने सोने को पीछे छोड़ते हुए पहले डेढ़ लाख कीमत को पार किया और अब कीमत पौने दो लाख को पार करके एक लाख 84 हजार हो गई है। इसके दाम नए साल में दो लाख के पार जाने की पूरी संभावना है।

### सोने के दाम 53 हजार बढ़े

*इस साल सोने के दाम 53 हजार रुपए बढ़े हैं, यह अब तक रिकॉर्ड है। इसके पहले कभी भी इतने कम समय में इतने दाम नहीं बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को कीमत 78400 रुपए थी, 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 हो गई। फरवरी में करीब पांच हजार दाम बढ़े और कीमत 89 हजार तक गई। मार्च में माह के अंतिम दिन कीमत ने नया रिकॉर्ड बनाया और कीमत 93 हजार के भी पार हो गई। इसके बाद अप्रैल में पहली बार कीमत एक लाख तक पहुंची। इसके बाद दाम घटे नहीं हैं। इस समय सोने की कीमत 132000 रुपए है। वैसे शनिवार को बाजार बंद होने के दो दिन पहले इसकी कीमत एक लाख 33 हजार रुपए तक गई थी। नए साल में सोने की कीमत डेढ़ लाख के पार जाने की संभावना है।*

## नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से कराया जाएगा सर्वे

# वेंडरों की पहचान के लिए होगा सर्वे आधारकार्ड-मोबाइल नंबर लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में अब शहरी क्षेत्रों के स्ट्रीट वेंडरों की पहचान के लिए सर्वे होगा। इसमें 24 बिंदुओं पर जानकारी जुटाई जाएगी। नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से यह सर्वे कराया जाएगा। इसके आधार पर पथकर विक्रेताओं के लिए भविष्य की कार्ययोजना बनाई जाएगी। सर्वे के जरिए यह भी देखा जाएगा कि स्ट्रीट वेंडर हाईटेक है या नहीं? इसके लिए उनसे डिजिटल लेनदेन की जानकारी भी ली जाएगी। यह भी देखा जाएगा कि वेंडर कितने साल से इस काम में



लगे हैं। राजधानी में स्ट्रीट वेंडरों को सुव्यवस्थित करना और उनके लिए वेंडिंग जोन बनाना नगर निगम के लिए एक बड़ी चुनौती है। शहर के अलग-अलग इलाकों में अव्यवस्थित रूप से ठेले व गुमटियां लगाकर आजीविका चलाने वाले स्ट्रीट वेंडरों को एक अलग पहचान देने नए सिरे से सर्वे होगा। नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से इसके लिए सर्वे कराया जाएगा, जिसमें स्ट्रीट वेंडरों से सर्वे के आधार पर आधारकार्ड और मोबाइल नंबर भी लिया जाएगा। इसके आधार पर वेंडरों को फोटो वाला प्रमाणपत्र और आधार नंबर युक्त आईडी कार्ड जारी कर दिया जाएगा, ताकि पंजीकृत वेंडर बिना किसी परेशानी के अपना कार्य सुचारू रूप से कर सकें।

सर्वे के आधार पर शिक्षा, आवास, खाद्य सुरक्षा और आजीविका संबंधी विभिन्न कल्याण योजनाओं के तहत वेंडरों को शामिल कर मदद की जाएगी। सर्वेक्षण के आधार पर वेंडरों को पीएम स्वनिधि योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इसके तहत बिना किसी गारंटी के 10 हजार रुपए तक का कर्ज दिया जाता है। समय पर कर्ज चुकाने पर 20 हजार और 50 हजार तक लोन मिल सकेगा। इससे शहर में वेंडिंग जोन बनाने में मदद मिलेगी।

### वेंडरों की जाति के लिए 5 केटेगरी तय

सर्वे प्रपत्र में स्ट्रीट वेंडरों की जाति के लिए पांच केटेगरी तय की गई है। इसमें सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग की जानकारी ली जाएगी। इसके जरिए स्ट्रीट वेंडरों की वार्षिक आय की जानकारी ली जाएगी। यह भी देखा जाएगा कि वे बीपीएल या फिर एपीएल श्रेणी के हैं।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411



हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 8 दिसंबर 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

विस्थापन की पीड़ा देख नम हुईं समाज ...

लाइव इवेंट

## गणेश वंदना और देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दे नन्हें बच्चों ने जीता सबका मन



**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज समता कॉलोनी के ऑडिटोरियम में किड्जी स्कूल का 11वां एनुअल फंक्शन रविवार को आयोजित किया गया। इसमें स्कूल के बच्चों ने गीत, संगीत, कविता, एकल व समूह नृत्य की शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों का मन जीत लिया। नन्हें-मुन्ने ने गणेश वंदना सॉग्स पर नृत्य कर एनुअल फंक्शन की कल्चरल सेशन का प्रारंभ किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित किया। तत्पश्चात स्कूल स्टॉप द्वारा अतिथियों का स्वागत -अभिनंदन किया गया। इसके बाद लगातार बच्चों के कल्चरल सेशन चला। इसमें छात्रा प्राची जाधव ने मैथलीशरण की कविता का लयबद्ध पाठ किया। इसे देखकर अतिथि, पैरेंट्स, टीचर्स सराहना करते नहीं थके। वहीं, देश भक्ति गीतों में 'कहते हैं हमको प्यार से इंडिया वाले...'सॉग्स से बच्चों ने समूह नृत्य में धमाकेदार प्रस्तुति से कार्यक्रम में देशभक्ति की भावना का संचार कर दिया। कार्यक्रम में बच्चों ने गीत-संगीत की एक से बढ़कर एक थीम बेस्ड सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से रंग भर दिया।

### एकल व सामूहिक गीत नृत्य से मचाया धूम

स्कूल के सभी क्लास के बच्चों ने मंच पर अपने कला-प्रतिभा का एकल व सामूहिक गीत, नृत्य पर परफॉमेंस से गेस्ट व टीचर्स को हैरान किया। छोटे-छोटे बच्चों के मधुर आवाज और बालीवुड स्टार की तरह डांसिंग स्टाइल से एनुअल फंक्शन में धूम मचा दिया। बच्चों ने जंगल बुक्स, सेव एनवायरमेंट्स, सोशल मैसेस थीम पर भी अपनी प्रस्तुति दी। बच्चे मंच पर पूरे कॉफिडेंस के साथ आकर्षक गेटअप पर पहुंच धमाल मचाते रहे। जब बच्चे मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने आए तो पेरेंट्स ने तालियां बजाकर हौसला बढ़ाया। वहीं, अतिथियों व टीचर्स ने भी बच्चों की सराहना कर उन्हें मोटिवेट किया। इसके अलावा अतिथियों ने पेरेंट्स को बच्चों के बेहतर केयर करते हुए नैतिक मूल्यों के विकास के प्रति सजग किया। वहीं, टीचर्स के शानदार एनुअल फंक्शन के आयोजन के लिए बधाई दी।

गांधी मैदान स्थित रंग मंदिर में कलावंत-2025 की श्रृंखला में तीसरे दिन उभरते हुए कलाकारों ने लूटी वाहवाही

# भरतनाट्यम, कथक और ओडिसी नृत्य से बांधा समां नेपाल से आए प्रतिभागियों ने 'कलावंत' में जमाया रंग



'शास्त्रीय गायन, वादन और नृत्यों की बेजोड़ प्रस्तुति से कलावंत 2025 का तीसरा दिन उत्साह से सराबोर रहा। रविवार को किसी ने भरतनाट्यम तो किसी ने कथक, ओडिसी, मणिपुरी नृत्यों की प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों से वाहवाही लूटी। नेपाल से कला गुरुओं के साथ आए प्रतिभागियों ने भावपूर्ण प्रस्तुति से कला प्रेमियों के बीच समां बांधते हुए रंग जमाया। इस सिलसिले को पुणे, नागपुर, भिलाई, बालाघाट, दुर्ग, मुंबई, नेपाल के प्रतिभागियों ने शिरकत करते हुए दर्शकों के बीच धूम मचाई।'



**रायपुर।** शहर के गांधी मैदान स्थित रंग मंदिर में गीत-संगीत और नृत्य की तालीम प्राप्त कला पारखी दर्शक दीर्घा में बैठकर लुत्फ उठा रहे थे। वहीं, इस बार युवा प्रतिभागियों को मंच देने के लिए गोविंद लीला कला कौशल के अध्यक्ष संतोष तिवारी और सचिव किरण साहू के मार्गदर्शन में प्रस्तुति का अवसर दिया जा रहा है। इसमें शहर के कला प्रेमी दर्शक दीर्घा का हिस्सा बन रहे हैं। नेपाल और बंगलादेश से आए प्रतिभागियों ने शास्त्रीय नृत्यों की हर विधा की जोरदार प्रस्तुति देते हुए उत्सव का रूप दिया। मंच संचालन करते हुए सारिका शर्मा ने नृत्य एवं वादन की 95 से ज्यादा प्रस्तुतियों से जुड़े प्रतिभागियों को तय थीम पर मंच दिया। निर्णायक उदित नारायण तिवारी, प्राण सांई, के. हरि और नृत्यांगना अनूरेका घोष रही। इनके सामने कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से कलावंत को नई ऊंचाई देने में कोई कसर नहीं छोड़ी।



### इनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

कलावंत के इस अंतरराष्ट्रीय गायन, वादन और नृत्य प्रतियोगिता में प्रदेश और देश के कई शहरों से आए प्रतिभागियों के बीच नेपाल से आए प्रतिभागियों में पालेश्वर रघुवंशी, विभाष रघुवंशी, सदीक्षा पौडेल ने लोगों को प्रस्तुति से रोमांचित किया। वहीं, सुजान रघुवंशी एवं प्रमिला गुरु और निर्णायक के रूप में शामिल हुए। इसमें उन्होंने भरतनाट्यम और नेपाली लोक नृत्य की अच्छी प्रस्तुति दी। कलाकारों को नेशनल लेबल प्रतियोगिता से जोड़ने के लिए चार दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। इस बार 400 प्रतिभागियों ने भाग लेने के लिए पंजीयन कराया है।





### कला प्रेमियों को मिला संगीतमय माहौल

शास्त्रीय गीत व नृत्य के धुरंधरों ने राग, तान को बंदिशों को पिरोते हुए लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इस क्रम में गिटार, तबला और की-बोर्ड पर प्रस्तुति देने के लिए मंच पर एक-एक करके आने के बाद सभी प्रतिभागियों ने कला प्रेमियों को गीत-संगीत और नृत्य से जहां बेहतर माहौल दिया, वहीं लोगों का मनोरंजन करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। क्लासिकल नृत्य करते हुए लाइट म्यूजिक और संगीत से सराबोर किया। किसी भी प्रतिभागी को नाम से नहीं, बल्कि टोकन नंबर के तहत ही मंच मिला।

### आज अंतिम दिन भी सजेगा कलावंत

संस्था के अध्यक्ष श्री तिवारी ने बताया कि हर वर्ग के प्रतिभागियों को आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर दिया जा रहा है। रंग मंदिर में यह सिलसिला सोमवार को भी जारी रहेगा। इसमें हर विधा के पारखी निर्णायक है। कलाकारों को उनकी प्रस्तुति के आधार पर नंबर मिले। इसमें किसी के साथ भेद-भाव न होने पाए, इसलिए प्रतिभागी के नाम की जगह उनके टोकन नंबर को प्राथमिकता दे रहे हैं, ताकि निर्णय पर भी संशय की स्थिति न बने। इसमें शहर के कला प्रेमियों की मौजूदगी अवसर को खास बना रही है।

सिटी इवेंट

## छात्रों ने सीखी माइक सेटिंग की बारीकी, उपकरण में खराबी को दूर करने जानी नई तकनीक



**रायपुर।** कमला देवी संगीत महाविद्यालय के गायन विभाग में मंचीय प्रस्तुति के लिए ध्वनि तकनीक विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विशेष रूप से माइक, मिक्सर, एम्प्लीफायर, स्पीकर एवं साउंड मैनेजमेंट के व्यावहारिक उपयोग पर केंद्रित रही। इस कार्यशाला के लिए नगर के साउंड रिकॉर्डिस्ट जितेंद्र देवांगन ने विद्यार्थियों को ध्वनि तकनीक के सैद्धांतिक और प्रायोगिक दोनों पक्षों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने समझाया कि प्रस्तुति के दौरान माइक को कैसे पकड़ना चाहिए, 'प, फ, भ, ब' जैसी ध्वनियों से उत्पन्न ब्लास्टिंग को कैसे नियंत्रित किया जाए और गायन में आवाज़ को संतुलित रखने के लिए कौन-कौन से तकनीकी उपाय आवश्यक हैं। आमतौर पर किसी भी कार्यक्रम में मिक्सर और एम्प्लीफायर मंच से दूर, नीचे या तकनीकी कक्ष में रखे जाते हैं और कलाकारों को इन उपकरणों को देखने या समझने का अवसर नहीं मिलता।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर गायन विभाग के प्राध्यापक नारायण केहरी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. दीपक बेड़ेकर द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे सत्र को समन्वित कर विद्यार्थियों को मंचीय प्रस्तुति के वास्तविक स्वरूप से जोड़ते हुए कार्यशाला को सार्थक दिशा दी। दो से तीन घंटे तक चली कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई। ध्वनि तकनीक के इस व्यावहारिक प्रशिक्षण से भविष्य में कलाकार एवं शिक्षक के रूप में उनकी दक्षता और भी सशक्त होगी।

### नया व पुराना माइक विसील मार सकता है

*इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक उपकरणों के संपर्क में लाना था। विशेषज्ञ ने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यक्रमों में अक्सर लोगों में यह भ्रांति पाई जाती है कि 'माइक का विसील मारना' केवल खराब माइक या खराब साउंड सिस्टम के कारण होता है। उन्होंने इस भ्रम को दूर करते हुए बताया कि माइक अच्छा हो या पुराना दोनों ही स्थितियों में विसील मार सकता है। यह समस्या उपकरण की खराबी से अधिक, गलत दूरी, गलत दिशा या स्पीकर, माइक के अनियंत्रित साउंड-लूप के कारण होती है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने माइक में विसील क्यों आता है, उसे कैसे रोका जा सकता है और लाइव प्रस्तुति से पहले साउंड चेक किस प्रकार किया जाना चाहिए। इन सभी पहलुओं का स्वयं प्रायोगिक प्रदर्शन कर अनुभव प्राप्त किया। लगभग 50 विद्यार्थी उपस्थित थे, जिन्होंने अत्यंत उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान विस्तार से किया गया।*

# सैनिक निस्वार्थ देश की रक्षा के लिए तैयार उनके कारण जीवन और संपत्ति सुरक्षित

रायपुर। सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में लोकभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें राज्यपाल ने कहा कि सैनिक निस्वार्थ भाव से देश की रक्षा के लिए तैयार रहते हैं। अपना जीवन देश सेवा के लिए लगाते हैं। उनके कारण ही हमारा जीवन और संपत्ति सुरक्षित है। राज्यपाल ने सशस्त्र झंडा निधि के लिए 2 लाख रुपए की सहयोग राशि राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड को प्रदान की। सभी शहीदों की वीर नारियों एवं माताओं, आश्रितों को सम्मान राशि और शॉल भेंट करके सम्मानित किया। वीरता अलंकरण प्राप्त सैनिकों और झंडा दिवस पर विशेष योगदान देने वाले दानदाताओं का सम्मान किया। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए झंडा दिवस निधि से चलने वाली 27 योजनाओं के बारे में जानकारी दी।



### शहीद सैनिकों को अर्पित की गई पुष्पांजलि

समारोह की शुरुआत में शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। सशस्त्र सेना झंडा दिवस का प्रतीक बैज लगाकर श्री डेका का सम्मान किया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार शर्मा ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के संदेश का वाचन किया। राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के संचालक ब्रिगेडियर विवेक शर्मा ने झंडा दिवस निधि के महत्व पर प्रकाश डाला। झंडा दिवस पर ज्यादा राशि एकत्रित करने के लिए कलेक्टर रायपुर गौरव कुमार सिंह एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को प्रथम पुरस्कार एवं कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह एवं सैनिक कल्याण अधिकारी दुर्ग को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने के लिए राज्यपाल ने ट्राफी प्रदान की। साथ ही राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के ब्रोशर संक्षेपिका का विमोचन किया। सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर रायपुर जिला के तिल्दा ब्लाक के तुलसी गांव में रहने वाले रिटायर्ड जवान आलोक वर्मा का पूर्व सैनिकों के संगठन के साथ ही गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस द्वारा सम्मान किया गया। सरस्वती शिक्षण संस्थान रोहिणीपुरम में पूर्व सैनिकों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस के प्रांत संघ चालक टोप लाल वर्मा, लेफ्टिनेंट कर्नल एस. एस. कक्कड़ उपस्थित थे।

# डीआरडीओ ने 764 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी

**रायपुर।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ओर से CEPTAM 11 भर्ती के लिए शॉर्ट नोटिफिकेशन जारी कर भर्ती का ऐलान किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक यह भर्ती कुल 764 रिक्त पदों को भरने के लिए निकाली गई है। वैकेंसी के लिए आवेदन प्रक्रिया 9 दिसंबर से स्टार्ट की जाएगी। आवेदन स्टार्ट होते ही अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से डीआरडीओ की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। डीआरडीओ की ओर से जारी की गई शॉर्ट नोटिफिकेशन के मुताबिक इस भर्ती के माध्यम से कुल 764 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसमें से सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट बी के लिए 561 पद और टेक्नीशियन ए के लिए 203 पद आरक्षित हैं। इस भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 28 साल निर्धारित की गई है। आरक्षित श्रेणी से आने वाले युवाओं को पूरी उम्र में नियमानुसार छूट दी जाएगी। शैक्षिक योग्यता की पदानुसार डिटेल विस्तृत नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही साझा की जाएगी।

ब्रह्माकुमारी संस्थान के बाल कलाकारों ने कमला दीदी की जीवनगाथा नृत्य नाटिका के जरिए प्रस्तुत की

# बाल कलाकारों ने नृत्य नाटिका में पिरोई जीवनगाथा, संवाद और कहानी ने बांधा समां

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्थान के बाल कलाकारों ने कमला दीदी की जीवनगाथा और सेवाओं को नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत कर सभी को भावुक कर दिया। नृत्य नाटिका के संवाद, कहानी, नृत्य और गीत संगीत आदि सब कुछ अत्यन्त दर्शनीय और आकर्षक था। बच्चों ने बहुत ही सधे हुए अंदाज में नृत्य नाटिका विजयपथ का मंचन कर कमला दीदी के जीवन वृत्तान्त को मंच पर जीवन्त कर दिया। क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि कमला दीदी सदैव उमंग-उत्साह से भरपूर रहती थीं। ईश्वरीय सेवाओं के प्रति गहरी रुचि थी। उनका लक्ष्य रहता था कि सभी मनुष्यों तक परमात्मा का संदेश पहुंचे। उनका जीवन नियम और मर्यादाओं से सम्पन्न था। वह ममतामयी होने के साथ ही अनुशासन को भी उतना ही महत्व देती थीं। अपने से उम्र में छोटे लोगों को भी बराबर सम्मान देती थीं। अपने गुणों और विशेषताओं के बल पर वह आगे बढ़ीं।



### नृत्य नाटिका में भाग लेने वाले कलाकार



नृत्य नाटिका में इन्द्राणी साहू, टीकेश्वरी साहू, करूणा साहू, अनन्या यादव, अक्षिता श्रीवास्तव, दीक्षा साहू, परिणीता साहू, नीलम साहू, लावण्या, मनीषा साहू, बबीता साहू, देविशा साहू, पंछी साहू, पलक गोदेजा, वर्षा साहू, साक्षी साहू, हिमांशी साहू, सम्पदा अग्रवाल, पूनम द्विवेदी, रश्मि साहू, वैशाली साहू, मुस्कान, पलक आदि ने भाग लिया।

### बीता हुआ कल वापिस नहीं आता है सिर्फ यादें ही रह जाती हैं

*भिलाई केन्द्र की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि कमला दीदी इस दुनिया में रहते हुए भी सबसे न्यारी और प्यारी थीं। वह बहुत ही निर्माणचित्त होकर रहीं। कभी उनके अंदर अहंकार नहीं आया। वह कहती थी कि कुछ भी हो जाए, लेकिन जीवन में खुशी कम न हो। जबलपुर केन्द्र की निदेशिका ब्रह्माकुमारी विमला दीदी ने कहा कि बीता हुआ कल कभी वापिस नहीं आता है, सिर्फ यादें ही रह जाती हैं। कमला दीदी के साथ वह रायपुर में जब पहली प्रदर्शनी लगी तब से उनके साथ रही, उन्होंने दीदी से बहुत कुछ सीखा। कमला दीदी का समूचा जीवन ईश्वरीय सेवा के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम में धमतरी की संचालिका ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी, जगदलपुर की संचालिका ब्रह्माकुमारी मंजूषा दीदी, अम्बिकापुर की संचालिका ब्रह्माकुमारी विद्या दीदी और बिलासुपर संचालिका ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने भी अपने संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम का संचालन रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने किया।*

## सिटी लाइव

# सस्टेनेबल डेवलपमेंट की ओर बढ़ते कदम साइकिल रैली ने दिया हरित ऊर्जा का संदेश



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट (द्वितीय संस्करण) के तहत सस्टेनेबल एनर्जी: ट्रेडिशनली फ्यूचरिस्टिक थीम पर भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रविवार को यह आयोजन महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय और फॉरेस्ट, रायपुर रीजन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। रैली कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल के नेतृत्व में प्रारंभ हुई। साइकिल रैली महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक, आजाद चौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, सप्रे शाला, आश्रम चौक होते हुए पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के फ़िज़िकल एजुकेशन विभाग पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मणिवासगन आईएफएस, चीफ कंज़र्वेटर ऑफ फॉरेस्ट, रायपुर रीजन ने पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास लक्ष्य, नवीकरणीय ऊर्जा और वृक्षारोपण के महत्त्व पर विस्तृत जानकारी दी और युवाओं को प्रकृति संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. शैलेन्द्र पटेल, ग्रीन समिट समन्वयक प्रो. केशव कांत साहू, डॉ. जश्मिन जोशी (प्राचार्य महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज), प्रो. राजीव चौधरी (साइकिल रैली संयोजक), प्रो. आशीष श्रीवास्तव, प्रो. दीपेन्द्र सिंह, प्रो. विशाल जैन, डॉ. इंद्रपाल करभल तथा डॉ. राजेन्द्र जांगड़े सहित कई प्राध्यापक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया

साइकिल रैली में 150 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह रैली पर्यावरण, सतत ऊर्जा और हरित जीवनशैली के प्रति जनजागरूकता का प्रतीक रही। कार्यक्रम का समापन फ़िज़िकल एजुकेशन विभाग के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ऊर्जावान मॉर्निंग ज़ुम्बा डांस एवं फिटनेस एक्सरसाइज़ के साथ हुआ, जिसने सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ और सक्रिय रहने का प्रेरक संदेश दिया।

## धर्म लाइव

# शंकराचार्य आश्रम में भक्त एक महीने तक करेंगे सूर्य की उपासना



**रायपुर।** बोरियाखुर्द स्थित जगतगुरु शंकराचार्य आश्रम में इस साल भी पारंपरिक तरीके से भगवान सूर्य की उपासना का महापर्व चार दिसंबर से शुरू हुआ है। तीन जनवरी तक प्रतिदिन सुबह दंडी स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज के सानिध्य में सुबह साढ़े 11 से साढ़े 12 बजे तक भक्तों द्वारा भगवान सूर्य की उपासना की जाती है। यह जानकारी देते हुए आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने बताया कि दंडी स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज के सानिध्य में पौष मास में भगवान सूर्य की उपासना का पर्व प्रारंभ हुआ है। इसमें शामिल होने के लिए भक्त परिवार तय समय में आराध्य देव सूर्य की आराधना के लिए एकत्र होते हैं।

### सहस्त्रार्चन, सूर्य हवन सत्संग और आरती

आगे बताया कि पौष मास में भगवान सूर्य की उपासना का विधान धर्मग्रंथों में मिलता है। भक्तों से भगवान सूर्य की उपासना के लिए प्रतिदिन सुबह 11:30 से 12:30 बजे तक उपस्थित होने का आग्रह किया। महाराज ने बताया कि सूर्य उपासना का पौष मास में विशेष महत्व शास्त्रों में वर्णित है। इस कालखंड में सूर्य आराधना से आरोग्य जीवन के साथ ही, तेज मानसिक स्थिरता एवं आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। इस उद्देश्य से प्रतिदिन सहस्त्रार्चन, सूर्य हवन, सत्संग और आरती के बाद उपासक भजन-संकीर्तन का हिस्सा बनते हैं। इससे आस्था केन्द्र में भक्तिमय माहौल दोपहर से शाम तक बनता है।

## समाज इवेंट

# विद्यार्थियों को नशामुक्ति और घरेलू हिंसा के प्रति सजग करने विशेष सत्र



**रायपुर।** यू-मेटा फाउंडेशन से जुड़े युवा वालंटियर ने शहीद संजय यादव हायर सेकंडरी स्कूल में कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों के बीच नशामुक्ति, घरेलू हिंसा और गुस्सा नियंत्रित करने के लिए विशेष जागरूकता सत्र किया। इसको सहभागितापूर्ण बनाने के लिए पारंपरिक लेक्चर पद्धति से अलग हटकर समूह चर्चा, सच- झूठ से जुड़ी गतिविधि, सांस- व्यायाम और प्रतिबद्धता दीवार जैसी इंटरैक्टिव विधियों का उपयोग किया गया। इसमें विद्यार्थियों को खुलकर अपनी बात रखने और व्यावहारिक सीख ग्रहण करने का अवसर दिया। विद्यार्थियों ने सीखा कि गलत आदतों को 'ना' कहना सच्ची बहादुरी है। यह भी समझा कि नशा न केवल शरीर और दिमाग को, बल्कि परिवार को भी प्रभावित करता है। घरेलू हिंसा से बच्चों के मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। गुस्से को हिंसा या तोड़-फोड़ की जगह सही तरीके से नियंत्रित करना चाहिए।

### ऐसे सत्र बच्चों को सही दिशा देने में उपयोगी

सत्र के अंत में सभी विद्यार्थियों ने नशा-मुक्त भारत निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य शुभा तिवारी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सत्र बच्चों को सही दिशा देने में उपयोगी है। यू-मेटा फाउंडेशन का यह प्रयास प्रशंसनीय है। हेडमिस्ट्रेस नंदिनी देवांगन ने कहा कि इस आयु में जागरूकता सबसे प्रभावी सुरक्षा है। जितना जल्दी सीखेंगे, विद्यार्थी उतना ही बेहतर भविष्य बना पाएंगे। सत्र का संचालन एवं सहयोग फाउंडेशन के वालंटियर बजरंग बिश्नोई, अरुष वर्मा, प्रांजल अग्रवाल, अनीकेत साहू, डॉ. दिव्यांशु साहू, मुस्कान, डेविड दत्त, आदित्य पटेल और पार्वती ने किया।

---

● अटल सभागृह मेकाहारा में सिंधी समाज के बीच मुंबई के 23 कलाकारों ने बयां किया बंटवारे का दर्द

# विस्थापन की पीड़ा देख नम हुई सिंधी समाजजनों की आंखें, 'जर्नी ऑफ सिंधीस' ने मंच पर बयां किया सच

'छग सिंधी महापंचायत की पहल पर मुंबई से आए मोहित एवं उनकी टीम ने समाज के बीच रविवार की रात अटल सभागृह मेकाहारा में जर्नी ऑफ सिंधीस नाट्य मंचन किया। अखंड भारत से आए सिंधी समाज ने खुद को ठगा सा महसूस किया है। तत्कालीन कांग्रेस के बड़े नेताओं ने हमें आश्वासन दिया था कि, सिंध प्रदेश हिंदू बाहुल्य क्षेत्र भारत में शामिल किया जाएगा। वह किसी भी हाल में नए बनने जा रहे देश में शामिल नहीं होगा। इस भरोसे के कारण समाज ने प्रदेश नहीं छोड़ा। लेकिन, 1947 के विभाजन की त्रासदी को देखा और उससे जुड़ी कहानी को सुनते हुए दर्शक दीर्घा में लोगों की आंखें भी नम हुईं।'

**रायपुर।** शहर के विभिन्न क्षेत्र में रहने वाले सिंधी समाज के लोग रविवार की शाम चार बजे से ही सभागृह में एकत्रित होने लगे थे। कार्यक्रम ही कुछ ऐसा था, जिसे समाज के सभी लोग देखना चाहते थे। नाट्य श्रृंखला से जुड़ी कहानी में विस्थापन काल 1947 में जब सदियों से रह रहे सिंधी समाज के बच्चों-बूढ़ों- महिलाओं को अपनी जान सनातन धर्म की अस्मिता को बचाने के लिए मातृभूमि सिंध को छोड़ना पड़ा। कितनी वेदना रही होगी, अपना प्रदेश, अपनी जमीन को छोड़कर दूसरे प्रदेशों में आसरा लेने के पीछे की कहानी कभी नहीं बताई जाती। जहां न छत थी, न ही रोटी। भूखे प्यासे, जहां हिंदू बहुल्य क्षेत्र देखा वहीं बस गए। चारों ओर का दृश्य पटा पड़ा था, इन दृश्यों में केवल देश छोड़कर जाने वालों का रोते बिलखते समय व्यतीत हो रहा था।







### चारों तरफ वेदनाओं से भरा था माहौल

संवादों और दृश्यों के माध्यम से नाटक आगे बढ़ता है। जहां किसी को किसी पर विश्वास ही नहीं हो रहा था। मां अलग रो रही थी और बच्चे अलग कलप रहे थे। नाटक में सभी को रोता बिलखता हुआ देखकर सभी की आंखें नम थीं। इस संबंध में कवि मास्टर चंदर सिंधी ने बिलखते हुए कहा, लडंदा वंजन था पखी देश पहिंजो छडंदा वजन था। पंचायत के प्रवक्ता दिनेश अठवानी ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि उस समयकाल में बच्चे मां से और बुजुर्ग परिवार से बिछड़ गए। छोटे-बड़े सभी रोते बिलखते नजर आ रहे थे। चारों तरफ केवल वेदनाओं से भरा माहौल था। पहली बार शहर में किए गए इस तरह के आयोजन का हिस्सा बनने के लिए सिंधी समाज का हर वर्ग उत्साही नजर आया। इसे देखते हुए 'पहले आओ पहले पाओ' की तर्ज पर बैठक व्यवस्था का प्रावधान किया गया था। इसमें शिरकत करने के लिए लोग नाटक से जुड़ी कहानी को संवादों के जरिए सुनने के लिए बड़ी तादाद में पहुंचे। इसे देखते हुए आयोजकों ने भी पर्याप्त इंतजाम किया था। नाटक खत्म होने के बाद समाज के बीच संवादों का सिलसिला भोजन के दौरान चला। इसमें हर किसी ने सनातन की रक्षा के लिए हमेशा तत्परता दिखाने पर जोर दिया।

### आहत हृदय ने कुछ राहत सा महसूस किया

जर्नी आफ सिंधीस विभाजन की त्रासदी पर बना हृदय विदारक नाट्य मंच है। इसमें तत्कालीन सिंधी नेता आचार्य जेबी कृपलानी, चोइथराम गिदवानी, जयरामदास आलिमचंदानी, नारायणदास सिंधी ने समयकाल को देखते हुए कहा, इस समय आप केवल अपने सनातन धर्म को बचाकर हिंदू बाहुल्य क्षेत्रों में जाकर रहो और अपने पुरुषार्थ से सम्मान कमाओ। सरकार से कोई राहत न मांगें। इससे समाज के आहत हृदय ने कुछ राहत सा महसूस किया। सभागृह में किए गए आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, अध्यक्ष अमर गिदवानी, महामंत्री जीतू बडवानी, राधाकिशन सुंदरानी, इंदर डोडवानी ने अहम सहभागिता निभाई।



---

# अंतःकरण की निर्मलता भक्ति मार्ग को बना देती है सरल, संसार में असत्य के चलते फैल रही अशांति

**रायपुर।** बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में विश्व जागृति मिशन रायपुर मंडल ने दिव्य भक्ति सत्संग के साथ स्थापना का रजत जयंती वर्ष मनाया। इस श्रृंखला में चार दिवसीय दिव्य भक्ति सत्संग के चौथे दिन समापन सत्र को संबोधित करते हुए आचार्य सुधांशु महाराज ने कहा कि जब अंतःकरण में निर्मलता आएगी तो भक्ति मार्ग आसान हो जाएगा। मन की मलिनता को बिना धोए भक्ति के मार्ग पर जाना संभव नहीं है। रविवार को उन्होंने अंतःकरण को शुद्ध करने परमात्मा से जुड़ने पर जोर दिया। सत्संग में निगम की महापौर मीनल चौबे ने महाराज का अभिनंदन करने के बाद उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। सत्संग में नारद भक्ति सूत्र में संदेशों के बारे में बताते हुए कहा कि जीवन की शुरुआत मां के आंचल से होती है। हर मां अपने बच्चे को प्यार से पालती है। सभी चीजों को ग्रहण करने का नियम है। भक्ति के उस चरम तक चले जाएं, जो ईश्वर तक प्रेम पहुंचाने का माध्यम है।

*बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में आचार्य सुधांशु महाराज के दिव्य भक्ति सत्संग में गुरु भक्तों की भीड़*



### सेवा और शक्ति से होगी यश की प्राप्ति





महाराज ने आगे कहा कि खुद के अंदर प्रेम व भाव को उत्पन्न करते हुए अनंत प्रेम से जुड़कर भक्ति और समर्पण भाव से ईश्वर की अनुभूति होगी। इससे स्नेह मिलता है। उन्होंने धरती और राष्ट्र से प्रेम करने वाला बनकर जीवन में सच्चा सुख और भक्ति प्राप्त करने का संदेश दिया। आचार्य ने कहा कि वक्त के पास इतना वक्त नहीं कि दुबारा वक्त मिले, इसलिए समय के साथ चलें। आत्मा का भोजन प्रार्थना को बताते हुए सेवा, शक्ति से यश प्राप्त करने को कहा। अंतिम सत्र में ध्यान एवं योग गुरु व विश्व जागृति मिशन की उपाध्यक्ष डॉ. अर्चिका दीदी ने सूक्ष्म ध्यान साधना करवाते हुए ॐ नमः शिवाय के मंत्र से स्वयं के अंदर ऊर्जा उत्पन्न करने को कहा।

### समस्या का समाधान पाने में समर्थ होंगे

उन्होंने कहा कि जब जीवन में अशांति रहती है, तब व्यक्ति अशांत महसूस करते हुए विचलित होता है। इसका उपाय बताते हुए कहा, सकारात्मक भाव से परमेश्वर के प्रेम को अनुभव करके उस विचलित अवस्था से बाहर निकल सकते हैं। हर समय अपने सद्गुरु और परमात्मा के संरक्षण में रहते हुए समस्या का समाधान पाने में समर्थ होंगे। मिशन के मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया कि चार दिवसीय सत्संग में दिलीप सचदेव, सुरेश सचदेव, मिनलकांत अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, विनोद शर्मा, महेश तिवारी, विनोद दुल्हनी, नवीन विज एवं महिला मंडल के सहयोग से आयोजन किया गया। भंडारे की व्यवस्था को गोपाल खेमका ने बखूबी निभाया।

---

# लोकनृत्य और फोक गीतों की धुनों पर थिरके कदम, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**रायपुर।** गोंडवाना महोत्सव में रविवार की शाम लोकनृत्य और फोक गीतों की धुनों पर पूरा बीटीआई मैदान थिरक उठा। सांस्कृतिक रंगों से सजे इस आयोजन में दर्शकों का सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों ने जहां सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया, वहीं खरीदारी में भी जमकर दिलचस्पी दिखाई। आयोजकों वैभव सिंह सिसोदिया और सौरभ सिंह सिसोदिया ने बताया कि इस महोत्सव में देशभर के चर्चित कलाकारों की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है, जिन्हें काफी सराहना मिल रही है। हर साल की तरह इस बार भी मेले का आयोजन बड़े पैमाने पर किया गया है, जो रायपुर के कला प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। महोत्सव के तहत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खासतौर पर ग्रुप डांस प्रतियोगिता ने माहौल में रंग भर दिए। करीब 5 से 7 ग्रुप्स के प्रतिभाशाली बच्चों ने मंच पर शानदार परफॉर्मेंस दी।

### बच्चों को अपनी कला दिखाने का दिया मंच

बच्चों ने फ्री स्टाइल और छत्तीसगढ़ी लोकगीतों पर जबरदस्त डांस कर सभी का दिल जीत लिया। फिल्मी गीतों पर थिरकते कदमों और मासूम अदाओं ने मंच का माहौल जीवंत कर दिया। प्रतियोगिता में एसके लिटिल स्टार, एसके क्यूट वॉरियर, एसके लिटिल सनशाइन, एसके रॉकस्टार और एसके सोनी ग्रुप सहित कई टीमों ने दमदार प्रस्तुति दी। हर डांस में बच्चों की मेहनत, तालमेल और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। मंच पर एक ओर जहां संगीत की धुन गूंज रही थी, वहीं दूसरी ओर बच्चों की ऊर्जा और मुस्कान से पूरा सभागार उत्साहित नजर आया। समूह नृत्य प्रतियोगिता ने न केवल बच्चों को अपनी कला दिखाने का मंच दिया, बल्कि उन्हें टीमवर्क और सांस्कृतिक पहचान से भी जोड़ा।

---

छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महिला प्रकोष्ठ ने शहर में निकाली सामाजिक जागरण बाइक रैली

# बाइक रैली में दिखी नारी सशक्तीकरण की झलक, 175 वर्किंग वुमन्स ने सिर पर सादा साफा बांध बेझिझक घुमाया स्कूटी का पॉवर गियर

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महिला प्रकोष्ठ की 175 वर्किंग वुमन्स ने शहर की सड़कों पर सामाजिक जागरण बाइक रैली निकाली। इस में समाज की महिलाओं की नारी सशक्तीकरण की झलक दिखी। महिलाएं सिर पर सादा साफा बांध कर स्कूटी बाइक पर सवार हुईं। उन्होंने बेझिझक होकर स्कूटी की पावर गियर घुमाई और सतनाम चौक से रफ्तार भरकर न्यू राजेंद्र नगर की दूरी नाप ली। छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अंजली बरमाल ने बताया कि सामाजिक चेतना के तहत पूज्य संत शिरोमणी गुरु घासीदास बाबा जी के सात सिद्धांतों और 42 अमृतवाणी की संदेश लेकर शहर में बाइक रैली निकाली गई। यह बाइक रैली रविवार को दोपहर 12 बजे सतनाम चौक खम्हारडीह शंकर नगर से होती हुई पार्वती नगर, मोवा आदर्श नगर, लोधी पारा चौक, पंडरी झंडा चौक, मिनीमाता बस स्टैंड, तेलीबांधा सतनाम चौक, पुराना राजेंद्र नगर से होकर गुरु घासीदास सतनाम भवन न्यू राजेंद्र नगर पहुंची। इसमें प्रदेशभर से समाज की वर्किंग वुमन्स ने हिस्सा लिया, जो बिजनेस, स्टार्टअप और प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सतनामी समाज का देश-दुनिया में मान बढ़ा रही हैं। बाइक रैली से महिलाओं ने समाज में नारी सशक्तीकरण का प्रतिनिधित्व को प्रेरित किया। महिलाओं ने सिर पर सादा साफा बांध और सादा झंडा लेकर बाइक रैली में शिरकत की। सभी महिलाओं ने पूरी हिम्मत और साहस का परिचय देते हुए बाइक रैली को सफल बनाया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, महिला सदस्यों और प्रदेशभर से आईं समाज की जागरूक महिलाओं की उपस्थिति रही।



### सक्सेज वुमन्स के रूप में मलेशिया, सिंगापुर तक दर्ज कराईं उपस्थिति

बाइक रैली में भाग लेने पहुंची ममता टंडन ने बताया कि वह एक बीमा अभिकर्ता हैं। वह समाज का प्रतिनिधित्व एक सक्सेज वर्किंग वुमन के रूप में प्रदेश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी हैं। उन्हें मलेशिया में सक्सेज वर्किंग वुमन्स 2025 के तौर पर सम्मानित किया गया है। वहीं, कुसुम जांगड़े वाटर क्यूरिफायर की एजेंसी चला कर सक्सेज वुमन्स की मिसाल पेश कर रही हैं।

### व्यापार के क्षेत्र में बनी सक्षम

समाज की बिजनेस वुमन्स अनिता सतपती ने बताया कि वह फैशन हाउस की संचालिका हैं। कपड़े का व्यापार करती हैं। उन्होंने बाइक रैली में स्कूटी चलाकर समाज की महिलाओं को यह संदेश दिया कि घर और समाज को आर्थिक तौर पर समक्ष बनाने के लिए व्यापार के क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाएं। वहीं, फैंसी स्टोर्स की संचालिका वेदिका बरमाल ने कहा कि व्यापार के क्षेत्र में सफल होकर खुद को सशक्त बनाना होगा। इस बाइक रैली में हम बिजनेस वुमन्स ने स्कूटी चलाकर समाज को आर्थिक तौर पर सशक्त व जागरूक होने का मैसेज दिया है।

### जगह-जगह बाइक रैली का हुआ भव्य स्वागत

बाइक रैली का आदर्श नगर मोवा सतनामी समाज महिला समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वहीं, न्यू राजेंद्र नगर सतनाम भवन में भी बाइक रैली के पहुंचने पर सभी महिलाओं का स्वागत-अभिनंदन किया गया। छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ने बताया कि समाज द्वारा शहर के प्रमुख मोहल्लों व चौक-चौराहों पर आत्मीय स्वागत से बाइक रैली में शामिल महिलाएं उत्साह व प्रेरणा से भर उठीं। इससे समाज के मान-सम्मान के लिए देश-दुनिया में विविध क्षेत्रों में सफलता का परचम फहराने की नई ऊर्जा मिली है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### वेट और पेट होगा कम, सुबह बिस्तर पर ये योगासन करें



अब सर्दियों में भी वजन और पेट की जिद्दी चर्बी कम करना आसान हुआ! दो बेहद आसान योगासन के बारे में जानें, जो पेट के बल बिस्तर पर ही लेटकर किए जाते हैं और सिर्फ 10 मिनट में पेट की चर्बी घटाने में मदद करते हैं। योग गुरु ग्रैंड मास्टर अक्षर के बताए इन आसनों से पाएं फ्लैटटमी और बेहतर लचीलापन।

हम महिलाएं अक्सर घर-परिवार, कामकाज और अनगिनत जिम्मेदारियों में इतनी खो जाती हैं कि अपने शरीर और मन की जरूरतों को सबसे पीछे रख देती हैं। बढ़ती उम्र, हार्मोनल बदलाव और भागदौड़ भरी दिनचर्या के बीच पेट के आस-पास जमा जिद्दी चर्बी एक आम, लेकिन परेशान करने वाली समस्या बन जाती है। ऐसे में जिम जाने या लंबा वर्कआउट करने का समय निकाल पाना भी मुश्किल होता है। सर्दियों में तो यह सबसे बड़ी चुनौती बन जाता है, क्योंकि सुबह बिस्तर से निकलने का मन ही नहीं करता है।

इसी चुनौती का आसान समाधान योग मास्टर, स्पिरिचुअल गुरु और लाइफस्टाइल कोच योग गुरु ग्रैंड मास्टर अक्षर लेकर आए हैं। उनका मानना है कि योग आपको न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि रीढ़ की हड्डी में लचीलापन और मन में स्थिरता भी बढ़ाता है। सही आसन और नियमित अभ्यास किसी भी परेशानी को मात देने की शक्ति देते हैं। इसी प्रेरणा के साथ आज हम आपके लिए दो ऐसे खास योगासन लेकर आए हैं, जिन्हें आप सुबह बिस्तर पर पेट के बल लेटकर आसानी से कर सकती हैं। इन्हें करने में सिर्फ 10 मिनट लगते हैं और नियमित अभ्यास से सिर्फ 1 हफ्तेमें पेट की चर्बी में हल्का-सा बदलाव महसूस होने लगता है। न थोड़ी जगह की जरूरत, न किसी उपकरण की, बस अपने लिए कुछ मिनट और बदलाव की एक छोटी-सी शुरुआत।

#### धनुरासन - पेट की चर्बी का 'काल'



धनुरासन पेट की चर्बी पर सबसे ज्यादा प्रेशर डालता है। यह पाचन क्रिया को तेज करता है और वेट लॉस में मदद करता है। पेट के बल लेटकर शुरुआत करें। पैरों को घुटनों से मोड़ें और टखनों को पकड़ने के लिए हाथों को पीछे लेकर जाएं। सांस लेते हुए शरीर के ऊपरी हिस्से (चेस्ट) और शरीर के निचले हिस्से (जांघों) को फर्श से ऊपर उठाएं, जिससे आपका शरीर धनुष का आकार ले ले। चिन को धीरे से ऊपर की ओर मोड़ें। इसे बहुत धीरे-धीरे करें। इस मुद्रा में 15-20 सेकंड तक रहें, फिर सांस छोड़ते हुए आसन से बाहर आ जाएं और आराम करें।

#### भुजंगासन- पेट और रीढ़ को करे मजबूत



भुजंगासन आपकी पीठ को लचीला बनाता है और पेट की चर्बी पर सीधा प्रेशर डालकर कम करने में मदद करता है। पेट के बल लेटकर शुरुआत करें। अपनी हथेलियां कंधों के ठीक नीचे, जमीन पर रखें। पैरों को एक साथ रखें। पूरी तरह से सांस अंदर लें (पूरक)। कुछ देर सांस रोकें (कुंभक)। अब सिर, कंधों और धड़ को 30 डिग्री के कोण पर धीरे-धीरे ऊपर उठाएं। इस बात का ध्यान रखें कि आपकी नाभि जमीन पर टिकी रहे, कंधे चौड़े हों और सिर थोड़ा ऊपर की ओर उठा हुआ हो। इस आसन में 10 सेकंड के लिए रहें। धीरे-धीरे धड़ को नीचे लाएं और फिर सांस बाहर छोड़ें (रेचक)। यह श्वास तकनीक चिकित्सा की दृष्टि से काफी फायदेमंद है।

धनुरासन पेट पर ज्यादाप्रेशर डालता है। यह पेट की मांसपेशियों को खींचता और संकुचित करता है, जिससे पेट की जिद्दी चर्बी तेजी से कम होती है।भूख पर नियंत्रणः यह पाचन को तेज करता है, जिससे कब्ज दूर होता है और शरीर का डिटॉक्सिफिकेशनअच्छी तरह होता है। अच्छे पाचन से अनावश्यक भूख कम होती है, जो वजन कम करने में मदद करता है।

भुजंगासन पेट की मांसपेशियों को टोन करेः यह आसन पेट और पीठ के निचले हिस्से की मांसपेशियों को मजबूत करता है, जिससे पेट की चर्बी पर प्रेशर पड़ता है और वह धीरे-धीरे कम होती है। मेटाबॉलिज्म सुधारे यह पाचन अंगों को सक्रिय करता है, जिससे पाचन क्रियातेजहोती है और पूरे शरीर का मेटाबॉलिज्म (चयापचय) सुधरता है, जो वजन घटाने के लिए जरूरी है। इन योगासनों को रोज सिर्फ 10 मिनट करने से आप अपनी कोर स्ट्रेंथ बढ़ा सकती हैं, पीठ दर्द कम कर सकती हैं और पेट की चर्बी को तेजी से कम कर सकती हैं।

## जानें 'सायटिका' के लक्षण और उपाय

# पीठ से लेकर पैर तक होने वाले दर्द को नजरअंदाज मत कीजिए, आपको हो सकता है 'सायटिका' भी

सायटिका नर्व पीठ के पिछले हिस्से से शुरू होती है और प्रत्येक पैर के पीछे तक जाती है। यह नर्व घुटने के निचले और पैर के पिछले हिस्सों को नियंत्रित करती है। इन नसों में जहां-जहां सूजन होती है, वहां-वहां दर्द होता है। अक्सर महिलाओं को कमर में दर्द होता है, जिसको वे नजरअंदाज कर देती हैं। लेकिन कई बार यह किसी गंभीर समस्या का संकेत भी हो सकता है।

शरीर का दर्द कई बार असहनीय होता है, लेकिन महिलाएं इसे नजरअंदाज कर देती हैं। कई बार शरीर का यह भयंकर दर्द 'सायटिका' हो सकता है। वैसे तो सायटिका एक सामान्य समस्या है, लेकिन इसे गंभीरता से लेना जरूरी है, क्योंकि इसमें पैर और लोअर बैक सुन्न पड़ सकते हैं और आपको कमजोरी महसूस हो सकती है। पैरों में दर्द या सायटिका का लक्षण प्रायः 40 साल की उम्र के बाद दिखाई देता है, लेकिन आजकल बदलती जीवन-शैली ने कम उम्र में भी लोगों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है।

### क्यों होता है सायटिका?

किसी भी मरीज को सायटिका का दर्द तब होता है, जब सायटिका तंत्र पर दबाव पड़ता है या इसकी क्षति होती है। सायटिका



नर्व पीठ के पिछले हिस्से से शुरू होती है और प्रत्येक पैर के पीछे तक जाती है। यह नर्व घुटने के निचले और पैर के पिछले हिस्सों को नियंत्रित करती है। इन नसों में जहां-जहां सूजन होती है, वहां-वहां दर्द होता है। सायटिका का दर्द कभी भी नसों के दबने से नहीं होता, बल्कि नसों के बीच गद्दों में भरे जेल के निकलने से होता है। नसों के दबने से पैरों में कमजोरी होती है, लेकिन महसूस नहीं होती है।

### उम्र भी एक कारण

सायटिका का दर्द उम्र के साथ बढ़ता है, क्योंकि यह अधिक उम्र के साथ होने वाली समस्या है। लेकिन कभी-कभी कम उम्र में इस तरह की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कई बार शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने से भी इस तरह के दर्द का सामना करना पड़ता है।

### दिखते हैं ये लक्षण

सायटिका में तेज दर्द के अलावा शुरुआती दिनों में झनझनाहट और जलन होती है। साथ ही दर्द अक्सर एक तरफ होता है, जो पिंडलियों और पैर के तलवे में होता है। सायटिका से पीड़ित व्यक्ति के पैर में



कमजोरी महसूस होती है। खड़े होने और बैठने में दर्द महसूस होता है। दिन के एक निश्चित समय के दौरान खांसने-छींकने पर भी दर्द हो सकता है।

### करें ये उपाय

यह दर्द आपके लिए ज्यादा परेशानी खड़ी न करे, इसके लिए आप हमेशा गद्देदार बिस्तर का इस्तेमाल न करें। साथ ही रोजाना एक्सरसाइज करें। सायटिका से बचने के लिए रीढ़ की हड्डी का लचीला होना जरूरी है,



इसलिए रीढ़ की एक्सरसाइज जरूर करें। दर्द की शुरुआत में भी कड़े व्यायाम शुरू न करें, इससे आपको परेशानी हो सकती है। आप हल्के व्यायाम शुरू करें और उन्हें जारी रखें।

### सर्दियों में खास ख्याल

सर्दियों के मौसम में सायटिका की परेशानी काफी बढ़ जाती है। ऐसे में आपको धूप सेंकना चाहिए, खुद को ढक कर और गरम रखने की कोशिश करनी चाहिए। कम उम्र में इस तरह की समस्या खुद भी ठीक हो जाती है, लेकिन 90 दिन की फिजियोथेरैपी से मरीज को राहत मिलती है।

### व्यायाम और खान-पान

डॉ. अनुपम सचान वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ के मुताबिक सायटिका का दर्द कई मरीजों के लिए असहनीय तो जरूर होता है, लेकिन उचित खान-पान और व्यायाम से इस मुश्किल से बचा जा सकता है। नियमित व्यायाम करने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं।

# सर्दियों में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए गुड़ का सेवन

सर्दियों में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए गुड़ का सेवन किया जाता है। अगर रोटी के साथ गुड़ खाया जाए, तो यह कॉम्बिनेशन हमारी बॉडी को कई बीमारियों और कई तरह के खराब बैक्टीरिया से बचाने में भी हेल्प करता है।

इसमें मौजूद प्रोटीन, विटामिन-बी 6, थियामिन, विटामिन-ई जैसे पोषक तत्व प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी उपयोगी हैं। इसके अलावा, ये आपको फ्लू से भी दूर रखता है और किसी भी अन्य तरह के इंफेक्शन को होने से भी रोकता है।



### गुड़ और रोटी से कब्ज की परेशानी होगी दूर

गुड़ में आइसोटीन और सोर्बिटोल, मैंगनीज, फोलेट आदि मौजूद होते हैं, जो तत्व कब्ज को दूर करने और पाचन तंत्र में सुधार करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, इसका सेवन करने से आपकी आंत भी हेल्दी रहती हैं।

अगर आपको कब्ज और अन्य पाचन संबंधी समस्याओं से छुटकारा पाना है, तो रोजाना रोटी के साथ छोटा गुड़ का सेवन करें या फिर गुड़ का इस्तेमाल चाय बनाने या मीठे व्यंजन के लिए करें।

### गुड़ और रोटी हड्डियों को करें मजबूत

रोटी के साथ गुड़ का सेवन करने से हड्डियों की सेहत में सुधारभी होता है, क्योंकि इसमें फोलेट और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। ये हड्डियों को मजबूत और स्वास्थ्य को बनाए रखने का काम करते हैं।

इसके अलावा, यह कॉम्बिनेशन प्रोटीन, विटामिन-बी 6, थियामिन,विटामिन-ई से भी भरपूर है, जो हड्डी को किसी भी तरह का नुकसान से बचाता है। इस फायदे के लिए भी आप गुड़ और रोटी को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

### दिल को रखे हेल्दी

गुड़ में एंटीऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा होती है, जो दिल के स्वास्थ्य में फायदेमंद है। अगर आप नियमित रूप से इसे अपने आहार में शामिल करते हैं तो यह आपके दिल के लिए बहुत लाभदायक है, क्योंकि यह एंटीऑक्सीडेंट बैक्टीरिया से लड़ता है और दिल के स्ट्रोक से भी बचाता है।

# घर के सामने अनार का पेड़ लगाना शुभ या अशुभ



वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में पेड़-पौधों को लगाने के ज्योतिष महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया है। जिससे शुभ परिणाम मिल सकते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में लगे पेड़-पौधों के ज्योतिष महत्व के बारे में बताया गया है। पेड़-पौधों को देवी-देवताओं का दर्जा दिया गया है। इसे घर में लगाने से सुख-समृद्धि और धन-संपदा का वास होता है। साथ ही माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की कृपा भी प्राप्त होती है। वहीं घर में कई लोग तरह-तरह के पेड़-पौधों को लगाते हैं, ताकि किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। अब ऐसे में सवाल यह है कि अनार का पेड़ घर के सामने लगाना शुभ माना जाता है या अशुभ। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### घर के सामने जरूर लगाएं अनार का पेड़

वास्तु एक्सपर्ट के हिसाब से घर के सामने अनार का पेड़ जरूर लगाएं। अनार के पेड़ में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी (मां लक्ष्मी मंत्र) का वास होता है और इसे घर के सामने लगाने से सुख-समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही धन-धान्य में भी वृद्धि हो सकती है। ऐसी मान्यता है कि जिस घर में अनार का पेड़ लगा होता है, वहां कभी धन की कमी नहीं होती है। इसलिए अनार का पेड़ जरूर लगाएं।



# खरमास में भूलकर भी तुलसी के पास न रखें ये चीजें, रूठ सकती हैं माता लक्ष्मी

हिंदू धर्म में तुलसी का पौधा बेहद शुभ माना जाता है और इससे भगवान श्रीहरि विष्णु की कृपा भी बनी रहती है। सनातन धर्म में तुलसी के पौधे को बेहद शुभ और पवित्र माना जाता है। लगभर सभी के घरों में तुलसी का पौधा होता है। ऐसा माना जाता है कि जिस भी घर में तुलसी का पौधा होता है, उसके घर में कभी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आती है और उस घर में हमेशा बरकत होती है।

वहीं वास्तु शास्त्र में तुलसी का पौधा रखने के कुछ खास नियम बताए गए हैं। जिनका पालन न किया जाए, तो व्यक्ति को परेशानियां झेलनी पड़ सकती है और इससे घर में कंगाली भी आती है। वहीं खरमास भी अब जल्द ही शुरू होने वाला है। इस बार 16 दिसंबर 2025 से 14 जनवरी 2026 तक खरमास रहेगा। इस दौरान सभी शुभ कार्यों पर रोक लगा दी जाती है, लेकिन पूजा-पाठ करने की कोई मनाही नहीं है। ज्योतिष शास्त्र में तुलसी के पास कुछ ऐसी चीजें हैं, जिन्हें खरमास के दौरान रखना अशुभ माना जाता है। अब ऐसे में आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### खरमास के दौरान तुलसी के पास न रखें पूजन सामग्री

खरमास के समय तुलसी के पास कभी भी पूजन सामग्री



को नहीं रखना चाहिए। इसे पौधे से दूर रखकर ही पूजा-पाठ करना शुभ माना जाता है, वरना इससे माता लक्ष्मी क्रोधित हो सकती हैं और व्यक्ति को कभी आर्थिक लाभ नहीं मिलता है।

### तुलसी के पास न रखें शिवलिंग

तुलसी के पास कभी भी शिवलिंग को न रखें। क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि पूर्व जन्म में तुलसी का नाम वृंदा था, जो जालंधर नाम के एक राक्षस की पत्नी थी। इस राक्षस का अंत भगवान शिव ने किया था, तभी भगवान शिव को तुलसी दल से दूर रखा जाता है।

### तुलसी के पास कांटेदार पौधे न लगाएं

तुलसी के पास कांटेदार पौधों को गलती से नहीं रखना चाहिए। ये राहुदोष उत्पन्न करते हैं और इससे तुलसी जी नाराज हो सकती है। इसलिए इस बात का विशेष ध्यान रखें।


### तुलसी के पास जूते-चप्पल न रखें

तुलसी के पास जूते-चप्पल नहीं रखना चाहिए। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। तुलसी के पास झाड़ू भी नहीं रखना चाहिए। इससे घर में कंगाली आती है और सुख-शांति भी चली जाती है।

### खरमास में तुलसी को न लगाएं सिंदूर

खरमास में तुलसी को भूलकर भी सिंदूर (सिंदूर के उपाय) न लगाएं। क्योंकि इस दौरान सभी शुभ कार्य वर्जित माना जाता है।























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्क्विड गेम' एक्टर ओह यंग-सू यौन हुए बरी, प्लेयर नंबर 001 को कोर्ट से मिली राहत

'स्क्विड गेम' के पहले सीजन के एक्टर ओह यंग-सू को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। यौन उत्पीड़न केस में उन्होंने राहत की सांस ली है। कोर्ट ने पर्याप्त सबूत ना होने पर



एक्टर को आरोपों से बरी कर दिया है। 81 साल के एक्टर के खिलाफ महिला ने अनुचित तरीके से गले लगाने और गाल पर Kiss करने का इल्जाम लगाया था।

दुनिया की सबसे फेमस वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' के पहले सीजन के एक्टर ओह यंग-सू चर्चा में है। उन्होंने इस शो में प्लेयर नंबर 001 का किरदार निभाया था। उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज हुआ था। इस मुकदमे में उन्होंने राहत की सांस ली है। साउथ कोरियाई अदालत ने पर्याप्त सबूत ना होने के आधार पर एक्टर को यौन उत्पीड़न के आरोप से बरी कर दिया है। अदालत में जजों के पैनल ने पाया कि मामले में अभियोजकों की तरफ से पेश किए गए सबूत ये साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं थे कि एक्टर ओह यंग-सू दोषी थे। अभियोजकों के पास अब अपील करने और मामले को देश के सर्वोच्च न्यायालय में ले जाने के लिए एक हफ्ते का समय है, जहां अंतिम फैसला सुनाया जाएगा। फैसले के पलटने के बाद एक्टर ने अदालत से बाहर निकलते समय मीडिया से बात की और अदालत के 'बुद्धिमानी भरे फैसले' के लिए धन्यवाद दिया। ओह यंग-सू 81 साल के हैं। साल 2024 में एक्टर को एक महिला को अनुचित तरीके से गले लगाने का दोषी ठहराया गया था। आरोप लगाने वाली महिला ने साल 2021 में शिकायत दर्ज कराई थी कि 2017 में एक्टर ने उनका हाथ पकड़कर उनके गाल पर जबरदस्ती किस किया था।

### टॉलीवुड

## 'रिबेल' सॉन्ग से शुरू होगी फिल्म 'द राजा साब' की म्यूजिकल जर्नी, आएगा प्रभास का गाना

साउथ स्टार प्रभास की आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' की रिलीज का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। वहीं आज इस फिल्म की म्यूजिकल



जर्नी को लेकर फिल्म के कलाकार प्रभास ने एक खास अपडेट शेयर किया है। हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। प्रभास की इस फिल्म की रिलीज से पहले निर्माताओं ने फिल्म की म्यूजिकल जर्नी शुरू करने का फैसला किया है। जिसे लेकर प्रभास ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी शेयर की है।

प्रभास ने आगामी कॉमेडी हॉरर फिल्म 'द राजा साब' से अपना एक धासूं लुक शेयर किया। इस पोस्टर में प्रभास डांस स्टेप करते नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ प्रभास ने बताया कि इस फिल्म का संगीतमय सफर 23 नवंबर को 'रेबेल साब' गाने के साथ शुरू होगा। प्रभास की इस पोस्ट पर संदीप वांगा रेड्डी ने लिखा, 'रेबेल साब' 'द राजा साब' एक भारतीय तेलुगु भाषा की रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म को मारुति द्वारा लिखा और निर्देशित किया गया है। इस फिल्म में प्रभास के अलावा संजय दत्त, निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन और ऋद्धि कुमार मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा जनवरी 2024 में की गई थी। फिल्म का संगीत थमन एस ने तैयार किया है। यह फिल्म दुनिया भर में 9 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है, जो कि संक्रांति का दिन है। इस पैन इंडिया फिल्म को कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

### बॉलीवुड

## धुरंधर में अजमल कसाब की भूमिका में छत्तीसगढ़ के दलविंदर


निर्देशक आदित्य धर की हालिया रिलीज फिल्म धुरंधर में छत्तीसगढ़ के युवा कलाकार दलविंदर सैनी को अजमल कसाब के किरदार में दर्शक खूब पसंद कर रहे



हैं। यह एक बड़ी स्पाई-एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल जैसे दिग्गज कलाकार हैं। दलविंदर सैनी का जन्म मध्यप्रदेश के सतना में हुआ, लेकिन उनकी परवरिश पूरी तरह दुर्ग, छत्तीसगढ़ में हुई है। दलविंदर ने बताया कि उनके पिता व्यापारी हैं और माँ एक गृहिणी। एक साधारण, शांत ज़िंदगी जीने वाला परिवार है उनका लेकिन कॉलेज के दिनों से उनका रुझान कला जगत की ओर हुआ। उन्होंने बताया कि हुडको भिलाई में पढ़ाई के दौरान कॉलेज के दिनों में एक दोस्त ने उन्हें एक थिएटर डायरेक्टर से मिलवाया। उन्होंने इंटर-कॉलेज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और पहला ही शो उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट बन गया। यहीं से उनका थिएटर सफ़र शुरू हुआ। इसके बाद वे इप्टा भिलाई का हिस्सा बने। बाद में मुंबई पहुँचकर रंगशीला थियेटर ग्रुप से जुड़े। कई वर्कशॉप्स कीं, कई नाटक किए। इस तरह कला के साथ रिश्ता और गहरा होता चला गया। ग्रेजुएशन के बाद दलविंदर पोस्ट-ग्रेजुएशन करने मुंबई गए। यहां उन्होंने पढ़ाई, नौकरी और करियर की तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए अपना सफर जारी रखा। अंततः उन्हें फिल्म धुरंधर में काम करने का मौका मिला। दलविंदर कहते हैं रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल और संजय दत्त जैसे सितारों के साथ स्क्रीन साझा करना उनके लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है।वर्तमान में वह एक बड़ी वेब-सीरीज में अहम किरदार की भोपाल में शूटिंग कर रहे है जो कि बहुत जल्द प्रसारित होगा।

### गुजराती रंग

### लाइफ स्टाइल



> अपनी चनिया चोली के लिए प्रशंसित गुजरात में फैशन के नाम पर बस इतना ही नहीं है! कढ़ाई की एक विस्तृत श्रृंखला से लेकर विभिन्न हथकरघा बुनाई तकनीकों तक सब कुछ मौजूद है। संपूर्ण ब्लॉक प्रिंटिंग से लेकर टाई और डाई के जटिल कार्यों तक का अभ्यास यहां अब भी होता है। वस्त्रों की समृद्ध श्रृंखला राज्य के विभिन्न समुदायों, जातियों, जनजातियों और क्षेत्रों के लोगों की देन है, जिन्होंने सदियों पुरानी परंपराओं को जीवित रखा है।

## क्रिसमस पार्टी के लिए कैरी करें नया लूक

क्रिसमस के दिन लोग अपने-अपने घरों में पार्टी का आयोजन भी करते हैं। इसको लेकर लड़कियां पहले से ही शॉपिंग शुरू कर देती हैं, लेकिन क्रिसमस का त्योहार महीने के अंत में आता है। ऐसे में ये जरूरी तो नहीं, कि हर कोई नए कपड़े खरीद ही पाए। बहुत से लोग तो समय के अभाव में भी शॉपिंग करने नहीं जा पाते हैं। वैसे अभी क्रिसमस को पखवाड़े भर का वक्त है और लोग तैयारियों में लगे हुए हुए। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से आप अपने पुराने कपड़ों को ही नए तरीके से कैरी कर सकती हैं। इन टिप्स को अपनाने के बाद आपको नए कपड़े खरीदने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। तो चलिए देर ना करते हुए आपको भी ये टिप्स बताते हैं।

### ड्रेस को ऐसे करें कैरी

क्रिसमस के समय काफी सर्दी पड़ती है, ऐसे में आप अपनी किसी ऐसी शॉर्ट ड्रेस को ब्लेजर के साथ कैरी कर सकती हैं, जो गर्मियों के हिसाब से है। इससे आपको नई ड्रेस खरीदने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी, और आपका लुक स्टाइलिश भी दिखेगा।

### ओवर साइज स्वेटर

अगर आपके पास ऐसा ओवर साइट स्वेटर नहीं है तो आप अपने भाई का स्वेटर कैरी कर सकती हैं। ओवर साइज स्वेटर को आप ड्रेस की तरह कैरी कर सकती हैं। इसके साथ अगर आप बूट्स पहनेंगी तो ये आआपको एकदम परफेक्ट लुक देगा।

### ब्लेजर

आजकल ब्लेजर काफी ट्रेंड में हैं। ऐसे में आप डेनिम शॉर्ट्स या टाइट्स के साथ



ब्लेजर कैरी कर सकती हैं। इसके साथ आप स्पोर्ट्स शूज भी पहनकर अपना जलवा दिखा सकती हैं।

### क्रॉप टॉप और जींस

अगर आप पार्टी में ग्लैमरस लुक कैरी करना चाहती हैं तो क्रॉप टॉप और जींस के साथ डेनिम जैकेट कैरी करें। डेनिम जैकेट लगभग हर लड़की के पास होती है। इसे पहनते वक्त पूरी तरह से बंद ना करें। इससे आपकी क्रॉप टॉप भी अच्छे से दिखाई देगी।

## एथलेजर वियर है स्टाइल का नया नाम, जानिए इसे कैरी करने के आसान टिप्स



एथलेजर वियर स्टाइल का वो नया नाम है, जो लुक को नए तरह से डिफाइन कर रहा है। इस स्टाइल में वो कपड़े शामिल होते हैं जो दो लुक का कॉम्बो होते हैं। एथलेजर वियर जिम में पहने जाने वाले वो कपड़े होते हैं, जो साथ में कैजुएल वाला लुक भी देते हैं। मतलब इन कपड़ों को आप जिम के साथ कैजुएल मौकों पर भी पहन सकते हैं। इन कपड़ों को बॉलीवुड स्टार्स ने तो दिल से स्वीकार कर लिया है लेकिन बाकी लोग अभी भी इसे पूरी तरह से अपना नहीं पाए हैं।



इस स्टाइल को अपनाने के लिए आपको कुछ बातें ध्यान रखनी होंगी, तब आपके लिए इसे स्टाइल में शामिल करना आसान होगा।

### स्टाइल भी आराम भी

ऐसा नहीं कि जिम वियर आरामदायक नहीं होते हैं। वो आरामदायक होते हैं लेकिन उन्हें आप कैजुअल वियर के तौर पर नहीं पहन सकते। एथलेजर वियर के साथ फायदा यह है कि इसे पहनकर आप कैजुअल मौकों पर भी स्टाइल में रह सकते हैं। इन कपड़ों में स्टाइल मिलेगा वो अलग। ये कपड़े आपको दो मौकों के लिए तैयार कर देते हैं, वो भी आराम और स्टाइल के साथ।



### लेयरिंग का मिले साथ

स्टाइलिंग पर ध्यान देने वाले लोगों के लेयरिंग बहुत काम आती है। इस लुक पर कॉटन या लेनिन की जैकेट अच्छी लगेगी। जैकेट के साथ प्रिंटेड शर्ट पहनिए। गर्मी में लेयरिंग आजमाने के लिए आपको फैब्रिक का सिलेक्शन बहुत सोच-समझकर करना होगा।

### तीन जरूरी प्वाइंट

एथलेजर वियर पहनने से पहले उससे जुड़े तीन प्वाइंट्स पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि यही तीन इसकी खासियतें भी होती हैं।

## साफ करने के बाद भी विंटर जैकेट से बदबू आ रही है तो इन आसान टिप्स को करें दूर

अगर साफ करने के बाद भी विंटर जैकेट से बदबू आ रही है तो इन घरेलू चीजों के इस्तेमाल से बदबू को चुटकी में गायब कर सकते हैं। लैवेंडर ऑयल एक ऐसी चीज है, जिसके इस्तेमाल से जैकेट से लेकर स्वेटर और अन्य गर्म कपड़े को सुगंधित बना सकते हैं। अगर आपको लैवेंडर ऑयल पसंद नहीं हैं, तो आप किसी अन्य एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। सबसे पहले पानी में डिटर्जेंट पाउडर को डालकर अच्छे से घोल लें। अब इसमें 1/2 चम्मच लैवेंडर ऑयल को डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

इसके बाद जैकेट को घोल में डालकर 20-25 मिनट के लिए छोड़ दें। 25 मिनट बाद जैकेट को रगड़कर साफ कर लें और धूप में रख दें। खाना बनाने या घर की सफाई के लिए आपने एक बार नहीं, बल्कि कई बार बेकिंग सोडा का इस्तेमाल किया होगा। ऐसे में आपको बता दें कि बेकिंग सोडा के इस्तेमाल से जैकेट से आने वाली बदबू को भी आसानी से दूर कर सकते हैं। व्हाइट विनेगर का इस्तेमाल कई लोग क्लीनिंग में करते हैं।



ऐसे में इसके इस्तेमाल से विंटर जैकेट से आने वाली बदबू को भी आसानी से दूर किया जा सकता है। इसके लिए आपको अधिक मेहनत भी करने की ज़रूरत नहीं है। फॉलो करें ये स्टेप्स- इसके लिए 2-3 लीटर ठंडे पानी में 1-2 चम्मच व्हाइट विनेगरको डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब मिश्रण में साफ जैकेट को डालकर लगभग 20-25 मिनट के लिए छोड़ दें। 25 मिनट बाद जैकेट को निचोड़कर धूप में रख दें।

## आईब्रो की ग्रोथ बढ़ाने के देसी नुस्खे, जो सिर्फ एक महीने में दिखाएंगे असर!

घनी और सुंदर आईब्रो चेहरे की खूबसूरती को और निखार देती हैं, लेकिन आजकल स्ट्रेस, पोषण की कमी, बार-बार थ्रेडिंग और केमिकल प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल की वजह से आईब्रो हेयर पतले होने लगी हैं। कई लोग महंगे सीरम या ट्रीटमेंट की ओर रुख करते हैं, लेकिन देसी नुस्खे सही तरीके से अपनाए जाएं तो वे भी आईरो ग्रोथ में काफी असरदार साबित हो सकते हैं। आयुर्वेद और घरेलू उपचारों में इस्तेमाल होने वाले प्राकृतिक तेल, बीज और पत्तियां आईब्रो के रोमछिद्रों को पोषण देकर नए बाल उगाने में मदद करते हैं। इन देसी उपायों की खासियत यह है कि इनमें साइड इफेक्ट का खतरा कम होता है और इन्हें लंबे समय तक इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि घरेलू नुस्खों को आजमाने के लिए धैर्य जरूरी है, क्योंकि आईब्रो की ग्रोथ धीरे होती है। अगर आप नियमित रूप से ये घरेलू उपाय अपनाते हैं, तो कुछ ही हफ्तों में आईब्रो घनी और नेचुरल दिखने लगती हैं।

### नारियल तेल

नारियल तेल आईब्रो ग्रोथ के लिए सबसे आसान और सुरक्षित घरेलू उपाय माना जाता है। इसमें मौजूद विटामिन



ई और फैटी एसिड्स आईब्रो के हेयर फॉलिकल्स को गहराई से पोषण देते हैं। रात को सोने से पहले उंगली या कॉटन बड से आईब्रो पर हल्की मालिश करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और कमजोर बालों को दोबारा उगने में मदद मिलती है। नियमित इस्तेमाल से आईब्रो के बाल मजबूत और चमकदार दिखने लगते हैं।

### अरंडी का तेल

अरंडी के तेल में मौजूद ओमेगा-9 फैटी एसिड और प्रोटीन बालों की जड़ों को एक्टिव करते हैं। यह पतली और जगह-जगह से खाली आईब्रो को भरने में मदद करता है। रात में बहुत कम मात्रा में अरंडी का तेल लगाकर हल्की मालिश करें और सुबह सादे पानी से धो लें।

### कार्नर न्यूज

### किस तरह की शर्ट कॉलर सूट करेगी आप पर, चुनाव कीजिए ऐसे

## सिर्फ शर्ट चुनना ही काफी नहीं, कॉलर की डिजाइन भी मायने रखती है आपके स्टाइल पर

शर्ट तो पहनते हैं वो भी महंगी और बेहद स्टाइलिश लेकिन कभी शर्ट के कॉलर के बारे में सोचा है? ये कैसा होना चाहिए, आप पर कैसा लगेगा जैसे सवाल खुद से पूछे हैं, नहीं न। शर्ट देखी, अच्छी लगी और खरीद ली। है न। लेकिन अब जब आप शर्ट खरीदिएगा तो उसके कॉलर पर भी ध्यान दीजिएगा। क्योंकि शर्ट ही नहीं कॉलर भी आपके ऊपर सूट करनी चाहिए। बाजार में एक नहीं कई तरह की कॉलर वाली शर्ट मिल जाती हैं। इनमें से आपके लिए कौन सी बेस्ट है, जान लीजिए और तब ही इसे खरीदिए।

### आपके लिए सही शर्ट कॉलर कौन सी है?

शर्ट की कॉलर चुनना बहुत कठिन काम नहीं है लेकिन इसे देख समझकर ही शर्ट खरीदी जानी चाहिए। ताकि आपकी महंगी शर्ट और लुक दोनों को फुल मार्क्स मिल सकें. कैसे खरीदेंगे ये शर्ट जानिए-

कॉलर की फिटिंग भी जानिए

शर्ट की फिटिंग पर तो आप खूब ध्यान देते होंगे लेकिन क्या कभी इसकी कॉलर की फिटिंग पर ध्यान









दिया है? नहीं दिया होगा। लेकिन बेहतरीन लुक के लिए आपको कॉलर की फिटिंग भी देखनी चाहिए। लेकिन इसे देखें और समझेंगे कैसे?

इसके लिए अपनी दो उंगलियों को कॉलर और गले के बीच डालिए, अगर ये आसानी से चली जाती है तो फिटिंग सही है। इस दौरान सबसे ऊपर कॉलर वाला बटन बंद रखिएगा।

### .सॉफ्ट कॉलर, कैजुअल कॉलर

कॉलर सॉफ्ट भी होती हैं और स्टिफ भी। इनके बीच लुक को लेकर अंतर होता है। कॉलर जितनी सॉफ्ट होगी उसका लुक उतना ही कैजुअल आएगा जबकि स्टिफ कॉलर फॉर्मल लुक देता है। आप इस नियम के साथ शर्ट का चुनाव आसानी से कर सकते हैं। इस तरह से आपका चुनाव परफेक्ट होगा।

### चेहरे के हिसाब से चुनें कॉलर

इस तरह से शर्ट खरीदने को लेकर आपने शायद ही कभी सोचा हो। शायद ही आपको शर्ट नहीं कॉलर के स्टाइल और फिटिंग पर ध्यान दिया हो. लेकिन शर्ट सही और बेस्ट लुकिंग हो इसके लिए आपको कॉलर के बारे में सोचना ही होगा। हालांकि ये बात भी सही है कि आप जैसे स्टाइल में खुद को अच्छा महसूस करें, बस उसे ही चुन लें। लेकिन खुद को स्मार्ट फील देने के लिए आपको चेहरे के हिसाब से शर्ट कॉलर चुनने की सलाह दी जाती है। चुनाव ऐसे करें कि गोल चेहरा है तो पॉइंट कॉलर चुनें ये इस आकार को बैलेंस कर देगी। वहीं चेहरा स्क्वायर है तो टैब और पॉइंट कॉलर अच्छे लगेंगे।

